जनता की आवाज, जनता का आदेश

# राष्ट्रीय जनादेश

janadesh2012@gmail.com www.rashtriyajanadesh.com

बैतूल, बुधवार 01 अप्रैल 2026 » वर्ष-29 » अंक-69 » आर.एन.आई.नं. 69078/98 » पृष्ठ -08 » मूल्य-2 रू.







## न्यूज फ्लैश

### बैतूल नगर पालिका को मिले 2 उपयंत्री

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** बैतूल नगर पालिका परिषद को 2 उपयंत्री और मिल गए हैं। इस संबंध में मंगलवार को नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार उपयंत्री अनिल धुर्वे को नगर पालिका परिषद आष्टा से और उपयंत्री राहुल शर्मा को नगर परिषद पीपलरवां से नगर पालिका परिषद बैतूल पदस्थ किया गया है। दो नए उपयंत्रियों के आने से बैतूल में निर्माण कार्यों को रफ्तार मिल सकेगी वहीं गुणवत्ता पर ज्यादा ध्यान दिया जा सकेगा।

### दिन-रात के तापमान में महज 16 डिग्री सेल्सियस का अंतर

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** गर्मी बढ़ने के साथ-साथ तापमान में लगातार इजाफा होता जा रहा है। इसके अलावा मौसम में एक बड़ा बदलाव यह हो रहा है कि दिन और रात के तापमान का अंतर भी कम हो रहा है। फिलहाल दिन का तापमान तो तेजी से नहीं बढ़ रहा है, लेकिन रात का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। दिन और रात के तापमान में अंतर कम होने की यही एक मुख्य वजह भी है। मंगलवार को दिन का तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सोमवार को यह 38.8 डिग्री सेल्सियस था। इसके शेष पेज 2 पर..

## कार्टून कोना




# शहरवासियों पर महंगाई की मार, 10% बढ़ाया संपत्ति कर

- हंगामेदार रही बैतूल नगर पालिका परिषद की बैठक
- नगर सरकार का 255 करोड़ रूपए का बजट पास
- पार्षदों ने लगाया रूपए लेकर भर्ती का आरोप




**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर पालिका द्वारा गत वर्ष संपत्ति कर नहीं बढ़ाने से परिषद की लगभग 12 करोड़ रूपए की राशि लेप्स होने के बाद मंगलवार को हुई परिषद की बैठक में कांग्रेसी पार्षदों के विरोध और असहमति के बावजूद शहरवासियों पर दस फीसदी संपत्ति कर बढ़ा दिया गया है।**

संपत्ति कर बढ़ाने से शहरवासियों पर लगभग 65 लाख रूपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, लेकिन इससे नपा को वित्त आयोग से लगभग 12 से 15 करोड़ रूपए मिल जाएगें। जिससे नगर के विकास कार्यों में गति आएंगी। परिषद की बैठक में नपा द्वारा नगर सरकार का 48 लाख रूपए बचत का बजट पास किया। नए सीएमओ नवनीत पांडे के आने के बाद मंगलवार को हुई परिषद की पहली बैठक काफी हंगामेदार रही। नेता प्रतिपक्ष राजकुमार दीवान के नेतृत्व में कांग्रेसी पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। कांग्रेसी पार्षदों ने आऊटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति में विधायक के निर्देशों की अनदेखी कर 30-30 हजार रूपए वसूलने का आरोप लगाया वहीं कचरा संग्रहण का ठेका ओम सांई विजन को ही देने पर भी जमकर हंगामा मचाया। कांग्रेसी पाष्रदों के आरोप पर नवागत सीएमओ नवनीत पांडे देखता हूॅं रिव्यू करवाता हूॅं कहकर पल्ला झाड़ते रहे। सीएमओ ने शेष पेज 2 पर..

# अब खासा महंगा पड़ेगा रेलवे टिकट रद्द करवाना

- 1 अप्रैल से टिकट कैंसिलेशन के नए नियम हुए लागू




*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। यदि आप अक्सर रेल यात्रा करते हैं तो टिकट रद्द कराना अब आपके लिए महंगा साबित होगा। रेलवे ने रेल टिकट के रद्द कराने यानी कैंसिलेशन को लेकर नए नियम बना लिए हैं। कल 1 अप्रैल से यह नए नियम लागू कर दिए जाएंगे।*

*इस संबंध में जानकारी देते हुए रेलवे के पूर्व मुख्य यातायात निरीक्षक बैतूल अशोक कटारे ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से टिकट* शेष पेज 2 पर..

# आज से शुरू होगा नया शिक्षण सत्र, बच्चों को मिलेंगी पुस्तकें

- 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत 4 दिन होंगे विभिन्न आयोजन





**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू होगा। शिक्षा विभाग द्वारा इसे 'स्कूल चलें हम' अभियान के रूप में मनाया जाएगा। यह 4 अप्रैल तक चलेगा। अभियान में प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम होंगे। विभाग द्वारा इस संबंध में सभी दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस दौरान स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। जिले में करीब 2278 सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में 2.81 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

### प्रवेशोत्सव में शामिल होंगे जनप्रतिनिधि

स्कूलों में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम होगा, जिनमें जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में विभाग द्वारा निर्देश जारी कर शेष पेज 2 पर..

# पटवारी और रीडर पर गिरेगी कार्यवाही की गाज

- लापरवाही पाए जाने पर निलंबन और वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस देने के निर्देश




**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का पूरी निष्पक्षता से समाधान किया जाएं। शासकीय कर्मचारियों द्वारा प्रभाव और अनावश्यक देरी जनहित में कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा।

जनसुनवाई में आमला निवासी लक्ष्मण श्यामलाल ने मौजा पास्तलाल के राजस्व रिकॉर्ड को अद्यतन करने के सम्बन्ध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने सुनवाई कर एसडीएम आमला को प्रकरण का त्वरित निराकरण करने तथा सम्बन्धित तहसीलदार रीडर की विरुद्ध कार्यवाही कर एक वेतन वृद्धि रोकने का नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने आमला एसडीएम को जनसुनवाई में आए आवेदक शकुन मानकर की बीपीएल कार्ड बनाने की समस्या का समाधान करने, वहीं आवेदक भवानी सिंह के रास्ता विवाद का भी समाधान करने के निर्देश दिए।

### अभिलेख को तत्काल करें दुरुस्त

चिचोली निवासी गोरेलाल ऊईके ने बताया कि आवेदन देने के बावजूद अभिलेख दुरुस्ती नहीं की जा रही है। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार चिचोली को संबंधित ग्राम मंगरौली के पटवारी के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही करने का नोटिस देने और आवेदक की समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। आठनेर तहसील के ग्राम में ऐनखेड़ा निवासी दिव्यांग आवेदक द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने के आवेदन पर कलेक्टर ने एलडीएम को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

### कोई और काट ले गया फसल

भीमपुर निवासी मनसा बाई ने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके खेत में लगी खड़ी फसल को अनावेदक द्वारा काट लिया गया है। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार भीमपुर से प्रकरण की जानकारी ली और आवेदक मनसा बाई की कृषि भूमि का पुनः सीमांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदक को आश्वस्त किया कि सीमांकन करने उपरांत अगर उनकी कृषि भूमि की फसल काटी गई है तो संबंधित खिलाफ कार्यवाही शेष पेज 2 पर..




जीवेत् शरदः शतम्

आहूजा आयरन स्टोर्स, बैतूल के संचालक, जिले के प्रमुख व्यवसायी

**राकेश आहूजा**

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

शुभेच्छु: दैनिक राष्ट्रीय जनादेश, बैतूल





पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष **प्रदीप सिंह किलेदार**, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष **हेमंत वागद्रे** एवं युवा कांग्रेस नेता **डॉक्टर नितिन देशमुख** को जन्मदिन की **हार्दिक बधाई...**

शुभेच्छु: दैनिक राष्ट्रीय जनादेश परिवार, बैतूल


# हनुमान जन्मोत्सव पर गंज क्षेत्र में कई मार्ग रहेंगे नो व्हीकल जोन

- कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने बनाया प्लान



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। जिले में आगामी 2 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रथ यात्रा, शोभा यात्रा, अखाड़ा, जुलूस, वाहन रैली, भंडारा आदि धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एकत्रित होने की संभावना है। इन परिस्थितियों में कानून-व्यवस्था एवं जनसुरक्षा के मद्देनजर पुलिस विभाग ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। हनुमान जन्मोत्सव पर बैतूल शहर के लिए भी यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु यातायात प्रबंधन लागू किया गया है। इसके तहत कुछ मार्गों को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है तो कुछ का ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है।**

### गंज क्षेत्र में विशेष प्रतिबंध

हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे गंज क्षेत्र में शाम 4 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक पूर्णतः नो व्हीकल एवं नो पार्किंग जोन रहेगा। इस दौरान भारी, माध्यम वाहनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का प्रवेश निषेध रहेगा।

### रथ यात्रा मार्ग पर यह व्यवस्था

इसी तरह कोठी बाजार क्षेत्र से निकलने वाली रथ यात्रा के दौरान कई मार्गों पर इन वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इनमें आंबेडकर चौक से कॉलेज चौक मार्ग, आंबेडकर चौक से बस स्टैंड होते हुए फांसी खदान पानी टंकी मार्ग और राजा भोज चौक से कंट्रोल रूम चौक होते हुए गंज जाने वाला मार्ग शामिल हैं।

### शहर का यह क्षेत्र नो व्हीकल जोन


गंज क्षेत्र के कई मार्गों को नो व्हीकल एवं नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। इनमें सदर ओवरब्रिज से गंज होते हुए आबकारी चौक तक, गुप्ता मॉल से दिलबहार चौक तक, बाबू चौक से तांगा स्टैंड तक और आभाश्री होटल से आबकारी चौक तक के मार्ग शामिल हैं।

### कई मार्गों का ट्रैफिक किया डायवर्ट

शहर में कई स्थानों से शाम 4 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक के लिए शेष पेज 2 पर..

# हनुमान जी के जन्मोत्सव को लेकर सजा शहर

- गंज के हनुमान चौक पर किया जाएगा झांकियों का स्वागत



**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।** शहर में गुरुवार को मनाए जाने वाले श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों के साथ शोभायात्रा के मार्गों को रंग-बिरंगी रोशनी, स्वागत द्वार, फूलों की सजावट और भगवा शेष पेज 2 पर..


श्रद्धांजलि ( पगड़ी रस्म ) कार्यक्रम



जन्म 25 मार्च 1963

निधन 21 मार्च 2026

आपको अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे है हमारे बड़े भाई

**श्री दिनेश खुराना जी**

का दुखद निधन शनिवार 21 मार्च को हो गया है, पुण्य आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि ( पगड़ी रस्म ) कार्यक्रम 1 अप्रेल 2026, बुधवार को रखा गया है

श्रध्दांजली सभा (पगड़ी रस्म)
कार्यक्रम स्थल - केसर बाग़ लॉन, कॉलेज रोड बैतूल
समय - दोपहर 3 से 4 बजे तक

शोकाकुल परिवार

श्रीमती सुनीता खुराना ( पत्नी ) गीतेंद्र ( टोनी ) बबलू खुराना, बिट्टू खुराना, दीपक खुराना, राजकुमार खुराना, भूपेश खुराना, प्रमोद खुराना ( भाई ) रोहित खुराना ( पुत्र ), ज्योति खुराना ( पुत्र वधु ) एवं समस्त खुराना परिवार

संपर्क : 9425002260, 9425610375



जीवेत् ... शरदः... शतम्...




मिलनसार, मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी हमारे बड़े भाई, जिला कांग्रेस बैतूल के पूर्व अध्यक्ष

**हेमंत वागद्रे एवं डॉ. नितिन देशमुख**

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सौजन्य: श्री कंस्ट्रक्शन, बैतूल

# संपादकीय

## पहचान के संकट से जूझते समुदाय

हम प्रायः समाज को कोटियों यानी वर्गों या श्रेणियों में बांटकर देखने के आदी हो गए हैं। दलित, जनजाति, सवर्ण, हिंदू, मुस्लिम जैसी अनेक कोटियां समाज को देखने के हमारे नजरिये पर हावी रहती हैं। हम अक्सर समाज को इन्हीं स्थिर वर्गों के माध्यम से समझने की कोशिश करते हैं और मान लेते हैं कि सामाजिक वास्तविकता इन्हीं सीमाओं के भीतर पूरी तरह समाहित हो जाती है, लेकिन हम यह नहीं सोचते कि इन कोटियों के बीच भी अनेक ऐसे सामाजिक समूह मौजूद हो सकते हैं, जो इन निर्धारित श्रेणियों में पूरी तरह समाहित नहीं होते। हम यह भी समझना नहीं चाहते कि ये कोटियां हमेशा कठोर और स्थायी नहीं होतीं, बल्कि कई बार लचीली और परिवर्तनशील भी होती हैं। सामाजिक जीवन की जटिलता कई बार इन कोटियों की सीमाओं को चुनौती देती है। वास्तव में समाज की संरचना इतनी सरल नहीं होती कि उसे केवल कुछ तयशुदा श्रेणियों में पूरी तरह समझ लिया जाए। दलित एवं जनजाति दो ऐसी कोटियां हैं, जिन्हें हमारी राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था ने विशेष रूप से निर्मित किया है। औपनिवेशिक जनगणना के दौरान पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की कोटियां बनाकर अनेक विविध सामाजिक समूहों को उनमें सम्मिलित कर दिया गया। औपनिवेशिक शासन की रणनीति समाज को अलग-अलग वर्गों में बांटकर शासन को सरल बनाना और कई बार विभाजन की रेखाएं खींचना भी था। इसके परिणामस्वरूप कई ऐसे समुदाय बने रहे, जो इन श्रेणियों में रखे जाने के बावजूद अपनी सांस्कृतिक पहचान को अलग ढंग से समझते एवं विश्लेषित करते रहे। उदाहरण के लिए, कई दलित जातियां दलित कोटि में दर्ज होने के बावजूद अपने आपको जनजातीय विशेषताओं से युक्त मानती रही हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में रहने वाले मुसहर समुदाय को प्रशासनिक रूप से दलित कोटि में दर्ज किया गया है, किंतु अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक आत्मछवि में वे अपने आपको कई जनजातीय विशेषताओं से युक्त मानते हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में कोल और खरवार जैसे समुदायों को प्रशासनिक दृष्टि से अनुसूचित जाति में रखा गया है, जिन्हें कई स्थानों पर जनजातीय माना जाता है। उनके दैनिक जीवन, कर्मकांड, पूजा-पद्धति और सांस्कृतिक व्यवहार में वैसे जनजातीय संस्कृति की स्पष्ट छाप दिखाई देती है। यह स्थिति दर्शाती है कि सामाजिक वास्तविकता प्रशासनिक वर्गीकरण से कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी होती है। इन दोनों कोटियों के बीच भी कई ऐसे सामाजिक समूह मौजूद हैं, जो न पूरी तरह इधर के हैं और न पूरी तरह उधर के। वे सामाजिक संरचना में एक प्रकार की मध्यवर्ती स्थिति में रहते हैं। ऐसे समूहों को सिद्धांतकार 'बीच के समूह', 'बीच की अस्मिता वाले समुदाय' अथवा 'लिमिनल आइडेंटिटी' वाले समूह कहते हैं। ये समुदाय समाज की मुख्यधारा में होते हुए भी कई बार पहचान और अधिकार के स्तर पर अस्पष्ट स्थिति में रहते हैं। उत्तर प्रदेश में ऐसा ही एक समूह है-वनटांगिया समुदाय, जो मुख्यतः महाराजगंज एवं गोरखपुर क्षेत्र के जंगलों में बसता है। इनका मुख्य कार्य जंगलों में विशेष पद्धति से साखू के पेड़ लगाना था। यह स्पष्ट नहीं है कि ये समुदाय कब और कैसे इस क्षेत्र में आए, परंतु इतना निश्चित है कि अंग्रेजी शासन के समय से ही ये इस कार्य से जुड़े रहे हैं।

## कारागार में प्रगट होकर नंद बाबा के घर पले-बढ़े कन्हैया

**गुदगांव (राष्ट्रीय जनादेश)।** भैंसदेही विकासखंड के ग्राम ठेमगांव में चल रहे भागवत कथा के पंचम दिवस की कथा में पंडित अखिलेश परसाई ने श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने इसमें भगवान की बाल लीलाएं माखन चोरी, चीर हरण, कलियामर्दन एवं गिरिराज धारण की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान बाल रूप में कंस के कारागार में प्रगट होकर नन्द बाबा के घर पले-बढ़े। इस दौरान उन्होंने भोले-भाले ब्रजवासियों के प्रेम एवं भक्ति को परिपूर्ण किया तथा राक्षसों का संहार कर ब्रजवासियों की रक्षा की। यदि ईश्वर को प्रेम रूप में भेजा जाएं तो वे भक्त के उसी भाव से प्रगट होकर जीव का कल्याण करते हैं। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भगवान की झांकी तैयार कर भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन बताया। ठेमगांव वासियों ने बताया कि यहां विगत 15 वर्षों से कथा की ज्ञान गंगा प्रवाहित होने से रुक गई थी, परन्तु सभी ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम की सुख शांति और समृद्धि के लिए यह आयोजन करवाया जा रहा है। ग्रामवासियों ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं तथा श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## तेज हवाओं से लोहे का गेट हुआ क्षतिग्रस्त

**मुलताई(राष्ट्रीय जनादेश)।** सोमवार रात तेज हवाओं ने नगर में कहर ढाया जिससे जिससे दुकानों के सामने लगे नेट, पाल, पर्दे उड़े वहीं बस स्टैंड पर लगा लोहे का गेट क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान विवाह समारोह भी प्रभावित हुए। सोमवार रात 9 बजे के बाद अचानक तेज हवाएं चलने लगी जिससे मार्गों पर धूल के गुबार उठे इसके साथ ही कचरा, पाल , हरी नेट आदि उड़ गई। इधर बस स्टैंड पर लगा लोहे के एंगल का गेट तेज हवाओं से झुक गया तथा उस पर लगे फैक्स क्षतिग्रस्त हो गए। किसी दुर्घटना की आशंका को लेकर तत्काल बस स्टैंड पर कुछ युवाओं द्वारा गेट पर लगाए फ्लैक्स हटाए गए। युवकों ने बताया कि फैक्स नहीं हटाते तो तेज हवाएं पास नहीं होने से पूरा गेट गिरने की कगार पर आ गया था इसी स्थिति में दुर्घटना हो सकती थी।इधर तेज हवाओं के साथ हल्के छिटे आने के कारण बिजली गुल होने से कुछ विवाह समारोह भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुए हैं।



## भीमपुर ब्लॉक में आज मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव

*नांदा (राष्ट्रीय जनादेश)। विकासखंड भीमपुर के अंतर्गत शिक्षा विभाग में पुस्तक बांटने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। टीआर यादव भीमपुर ने बताया कि सभी दस संकुलों के अंतर्गत पुस्तकें बांट दी गई हैं। जिसमें एक से 12 कक्षा तक पुस्तकें शासन से निःशुल्क दी जा रही है। वहीं 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव भी मनाया जाएगा। प्रवेश उत्सव में सभी पालक और जनप्रतिनिधि भी आमंत्रित हैं।*

## भीषण गर्मी में शीतल जल के लिए प्याऊ का शुभारंभ

- जय स्तंभ चौक पर अब नहीं भटकना पड़ेगा ठंडे पानी के लिए




*चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर के जय स्तंभ चौक स्थित संतोषी माता मंदिर परिसर में सेवा भावी बाबू सोनी द्वारा राहगीरों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करते हुए प्याऊ का शुभारंभ किया गया। गर्मी के दिनों में जय स्तंभ चौक पर लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ता था, लेकिन अब प्याऊ शुरू होने से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। यह व्यवस्था राहगीरों, व्यापारियों एवं आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह कुशवाहा, पार्षद बाली मालवीय, मंडल अध्यक्ष अमन आंवलेकर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुनील साठे, तपश्री क्लब के अध्यक्ष विजय राठौर सहित बाबू सोनी, भूपेंद्र कहार, सुरेश राठौर आदि उपस्थित रहे।*

पेज 1 से जारी...

### शहरवासियों पर...

आश्वस्त किया कि अगली बैठक के पूर्व वे व्यवस्था ठीक करने का पूरा प्रयास करेंगे। नगर पालिका परिषद की बजट बैठक मंगलवार को नपा के बाल मंदिर सभागृह में नपाध्यक्ष पार्वत्ती बाई बारस्कर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सीएमओ नवनीत पांडे, उपाध्यक्ष महेश राठौर सहित पार्षद और नपा के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। बैठक में नगर सरकार का बजट के साथ ही 41 विषय रखे गए थे। जिसमें कुछ विषयों पर जमकर हंगामा हुआ हॉलाकि बाद में सब पास कर दिए गए।

### 33 वार्डों में बराबर बजट आए तब दिखेगा शहर में विकास

बैठक में कांग्रेसी पार्षदों ने नपा में बजट वितरण में भेदभाव का आरोप लगाया। कांग्रेसी पार्षद श्रीमती नंदनी तिवारी ने कहा कि वार्डों में विकास कार्य करने में भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में भेदभाव किया जा रहा है। पिछली परिषद में सभी पार्षदों से अपने-अपने वार्डों से 2-2 कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए थे, लेकिन कांग्रेसी पार्षदों के वार्डों में काम स्वीकृत नहीं किए गए। श्रीमती तिवारी ने कहा सभी 33 वार्डों में बराबर बजट खर्च किया जाएगा तब ही शहर में विकास दिखाई देंगा। पार्षद नईम खान ने आरोप लगाया कि उनसे तो प्रस्ताव तक नहीं लिए गए काम स्वीकृत करना तो दूर की बात है। सीएमओ नवनीत पांडे ने भविष्य में सभी वार्डों में विकास कार्य किए जाने का आश्वासन दिया।

### आऊटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति में विभाग के निर्देशों की अवहेलना

पार्षद अब्दुल नफीस ने नपा द्वारा आऊटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति में विधायक के निर्देशा की अवहेलना का मामला उठाया। नेता प्रतिपक्ष राजकुमार दीवान ने कहा कि परिषद की पूर्व में हुई बैठक में विधायक ने निर्देश दिए थे कि सभी पार्षदों की अनुशंसा से उनके वार्ड के एक जरूरतमंद को ऑउटसोर्स कर्मचारी के रूप में नियुक्त कर दे। पार्षदों ने आरोप लगाया कि नपा में कुछ पार्षदों के कहने पर पांच-पांच, छह-छह ऑऊटसोर्स कर्मचारियों को नियुक्त कर लिया है वहीं नपा के कर्मचारियों ने अपने बच्चों, रिश्तेदारों की नियुक्ति करवा दी है। पाष्रदों ने आरोप लगाया कि 30-30 हजार रूपए लेकर आऊटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है। इस पर सीएमओ ने कहा कि पार्षदों की अनुशंसा पर नियुक्ति का आश्वासन देना ही गलत है। नियुक्ति योग्यता के आधार पर की जाती है। एक सहकारी समिति के माध्यम से 45 आऊटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है। वर्त्तमान में 30 ऑऊटसोर्स कर्मचारियों नियुक्त किए जा चुके है। भाजपा पार्षद पिंटू परिहार ने नपा में कार्यरत सभी कर्मचारियों और उनके कार्यस्थल की सूची बनाकर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए।

### ओम सांई विजन को ठेका देने पर हंगामा

नगर में कचरा संग्रहण कार्य कर रही ओम सांई विजन को दोबारा ठेका देने पर भी पार्षदों जमकर हंगामा किया। कांग्रेसी पार्षदों का कहना था कि इस कंपनी की दो साल से शिकायत कर रहे है फिर भी नपा ने ऐसी शर्त्ते रखी कि बाकी के दो टेंडर निरस्त हो गए। नेता प्रतिपक्ष राजकुमार दीवान ने कहा कि कंपनी एक दिन के गेप में वार्डों में पहुंच रही है। जबकि टेंडर की शर्त्तो में सभी 33 वार्डों से प्रतिदिन कचरा संग्रहण करना है। श्री दीवान ने इस टेंडर में आए तीनों ऑफर और दस्तावेज परिषद में रखने के निर्देश दिए है। सीएमओ ने कहा कि यदि अब कंपनी का कार्य संतोषप्रद नहीं पाया गया तो 6 माह में टेंडर निरस्त कर देंगे। इसी प्रकार ट्रेचिंग ग्राउंड मामले में भी जमकर हंगामा हुआ।

### 255 करोड़ का बजट पास

परिषद की बैठक में नगर पालिका का 255 करोड़ 11 लाख 12 हजार 62 रूपए का बजट पास किया गया। लेखाधिकारी श्री अग्रवाल ने बताया नपा कुल आय 255 करोड़ 11 लाख 12 हजार 62 रूपए और व्यय 254 करोड़ 63 लाख रूपए रहा। इस प्रकार 48 लाख 12 हजार 62 रूपए बचत का बजट पेश किया। श्री अग्रवाल ने बैठक में जानकारी दी स्थापना पर 26.32 करोड़ रूपए सामान्य प्रशासन पर 3.80 करोड़, स्वास्थ्य शाखा पर 13.50 करोड़ विद्युत शाखा पर 12.80 करोड़ रूपए व्यय हुआ। इसी प्रकार लोक निर्माण शाखा अन्तर्गत मरम्मत कार्यों पर 1.47 करोड़ रूपए, नए कार्यों पर 52.25 लाख रूपए, सड़कों और नालियों पर 17 करोड़ रूपए अन्य मटेरियल एवं सामग्री की खरीदी पर 1.25 करोड़ रूपए व्यय किया गया वहीं योजनागत व्यय 124 करोड़ रूपए का रहा। आय में राजस्व आय 98 करोड़, पूंजीगत आय 39 करोड़ और योजनागत आय 118 करोड़ रूपए रही।

### अब खासा...

के रद्दीकरण (कैंसिलेशन) के नियमों में रेलवे ने बदलाव किए हैं। इन नियमों की अनदेखी रेल यात्रियों को भारी पड़ सकती है। उन्होंने बताया कि पहले जहां यात्री अपने ट्रेन के प्रस्थान समय के चार घंटे से अधिक समय पूर्व जब टिकट कैंसिल करवाता था, तो उससे 50 प्रतिशत की कटौती की जाती थी। इसका मतलब है कि पूरे 50 प्रतिशत राशि वापस मिल जाती थी। अब नए नियम के अनुसार ट्रेन के प्रस्थान के 8 घंटे के अंदर टिकट रद्दीकरण पर कोई रिफंड नहीं मिलेगा। इसी तरह प्रस्थान समय से 8 घंटे से अधिक एवं 24 घंटे से पूर्व रद्दीकरण करते हैं तो 50 प्रतिशत किराए की कटौती की जाएगी। 24 घंटे से अधिक एवं 72 घंटे से पहले रद्धीकरण के लिए 25 प्रतिशत की कटौती की जाएगी।

### 72 घंटे से पहले के लिए यह नियम

यदि टिकट को 72 घंटे से अधिक समय पहले कैंसिल कराई जाती है तो न्यूनतम कैंसिलेशन चार्ज अलग-अलग श्रेणियों के लिए अलग-अलग लगेगा। इसमें एसी प्रथम के लिए 240 रुपये, एसी 2 के लिए 200, एसी 3 के लिए 180 एवं स्लीपर क्लास के लिए 120 न्यूनतम रद्धीकरण शुल्क लगेगा। सभी क्लासों के वेटिंग लिस्ट और आरएसी टिकट का कैंसिलेशन चार्जेस न्यूनतम 60 रुपये लगेगा।

### आज से शुरू...

दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा 1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम

'स्कूल चलें हम' अभियान के दूसरे दिन शालाओं में 'भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियां सुनाएंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे।

### सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियां

'स्कूल चलें हम' अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों को विद्यालय से जोड़ना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

### हार के आगे जीत

अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाइश दी जायेगी। उन्हें बताया जायेगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी।

### दिन-रात के...

अलावा सोमवार-मंगलवार की रात का न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। इससे दिन और रात के तापमान में केवल 16.1 डिग्री सेल्सियस का ही अंतर रह गया था। रात का तापमान बढ़ने से लोगों को अब रात में भी ठंडक नहीं मिल पा रही है बल्कि रात में भी दिन की तरह तपन से राहत पाने के लिए कूलर और एसी का सहारा लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे पहले रविवार-सोमवार की रात का न्यूनतम 20.8 डिग्री सेल्सियस था। एक ही रात में न्यूनतम तापमान में करीब 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है।

### पटवारी और रीडर...

की जाएगी और राहत भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### अवैध कब्जा हटाने के दिए निर्देश

मुलताई निवासी नितिन सतापे ने बताया कि उनके निवास के पास अनावेदक द्वारा अवैध भवन निर्माण किया जा रहा हैं। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदार मुलताई को मौके पर जाकर शिकायत का परीक्षण करने और अवैध निर्माण पाए जाने पर कार्यवाही कर हटाने के सख्त निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम सलैया निवासी रामकिशोर साहू के अवैध कब्जे के आवेदन पर तहसीलदार घोड़ाडोंगरी को शिकायत की जांच कर समाधान के निर्देश दिए। ग्राम जमन्या निवासी नेहरू सूर्यवंशी के मकान बनाने में बाधा उत्पन्न करने के आवेदन पर कलेक्टर ने भीमपुर तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

### जनसुनवाई में आए 83 आवेदन

जनसुनवाई में कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन और संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव ....

यातायात डायवर्ट भी किया गया है। इनमें माचना ब्रिज (सदर), भगत सिंह चौक, हाउसिंग बोर्ड मार्ग (एचपी गैस एजेंसी, गंज), कॉलेज चौक, गुप्ता मॉल, आभाश्री होटल, आबकारी कार्यालय (मंगल भवन) और बाबू चौक शामिल हैं।

### इन स्थानों से प्रवेश करेंगे वाहन

बडोरा क्षेत्र से रामनगर अंडरब्रिज होकर गंज आने वाले वाहन सदर ओवरब्रिज और गेंदा चौक होकर शहर में प्रवेश करेंगे। इसी तरह गंज बाजार की ओर आने वाले वाहन शाम 4 बजे से निर्धारित डायवर्जन पॉइंट से प्रवेश नहीं कर सकेंगे। गंज बस स्टैंड आने वाली यात्री बसें केवल भगत सिंह चौक तक ही संचालित रहेंगी। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 जाने हेतु वाहन गुरुद्वारा रोड से इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप होते हुए बड़ी माता मंदिर के पास मार्ग से जा सकेंगे। प्लेटफॉर्म नंबर 2 जाने हेतु वाहन सदर ओवरब्रिज, अंडरब्रिज, रामनगर मार्ग से जाएंगे।

### उल्लंघन करने पर की जाएगी कार्रवाई

पुलिस ने चेतावनी दी है कि गंज में उपरोक्त आयोजन एवं उक्त समय में नो पार्किंग जोन में कोई भी वाहन खड़ा पाया जाने पर टोइंग वैन से हटाया जाएगा। इस दौरान वाहन में कोई टूट-फूट होती है तो वाहन स्वामी जिम्मेदार होगा। इसके साथ ही मोटरयान अधिनियम के तहत चलानी कार्रवाई की जाएगी।

### हनुमान जी के...

ध्वजों से सजाया जा रहा है, जिससे पूरा शहर भगवामय नजर आ रहा है।

### किया जाएगा हनुमान चालीसा पाठ

गंज क्षेत्र में श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति बैतूल द्वारा श्री हनुमान चौक पर श्री हनुमान चालीसा के पाठ के बाद शाम 7.30 बजे श्री राम दरबार की महाआरती की जाएगी। इसके बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाली भव्य शोभायात्राएँ यहां पहुंचेंगी। इनमें कोठीबाजार से घाटा मेहंदीपुर बालाजी की शोभायात्रा, श्री हनुमान मंदिर गर्ग कॉलोनी, रामनगर, भग्गूढ़ाना, चुन्नीढाना सहित अन्य क्षेत्रों से निकलने वाली शोभायात्राएँ शामिल होंगी।

### निकाली जाएगी शोभायात्राएं

इन शोभायात्राओं में अखाड़ों के प्रदर्शन, आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजों की धुन और भजन मंडलियों की प्रस्तुति श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। श्री हनुमान चौक गंज पर पहुंचने वाली इन झांकियों और शोभायात्राओं का आतिशबाजी और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा तथा आयोजकों का शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया जाएगा।

### ब्रम्हमुहूर्त में होगी मंगल आरती

जन्मोत्सव के दिन कई मंदिरों में सुबह 4 बजे ब्रह्ममुहूर्त में मंगल आरती, हनुमान चालीसा पाठ और विशेष अभिषेक किए जाएंगे। दोपहर में विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। आयोजन को लेकर मंदिर समितियों, व्यापारियों और धर्मप्रेमी नागरिकों के साथ पुलिस विभाग द्वारा चौक-चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। नगर पालिका द्वारा प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई के इंतजाम किए गए हैं। व्यापारियों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी, शीतल शरबत और पीने के पानी की व्यवस्था भी की गई है।

### मोदक और प्रशस्ति पत्र देकर किया जाएगा सम्मान

दिलबहार चौक गंज पर जय हनुमान सेवा समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ के बाद शोभायात्राओं के आयोजकों का बूंदी के बड़े मोदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया जाएगा। यहां श्रद्धालुओं के बीच चना और हलवा प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शहर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और हनुमान भक्तों में उत्साह दिखाई दे रहा है। श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति गंज ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।



### कार्यालय जनपद पंचायत, शाहपुर, जिला-बैतूल (म.प्र.)

क्र./ज.पं./मनरेगा/वाहन/2026/721 शाहपुर, दिनांक 31/03/2026

**// निविदा सूचना //**

जनपद पंचायत शाहपुर क्षेत्रान्तर्गत म.गा.रा.ग्रा.रो.गा. योजनान्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के पर्यवेक्षण एवं अन्य शासकीय कार्यों हेतु जनपद पंचायत, शाहपुर में एक स्कार्पीयो/बुलेरो या उसी स्पीशीफीकेशन का वाहन जो कि वर्ष 2024-25 या उसके बाद का हो, मासिक किराये प्रति दिवस अवधि के आधार पर किराये से लिया जाना है। इच्छुक वाहन धारक निविदा प्रपत्र राशि 200/- रू. में कार्यालय जनपद पंचायत शाहपुर से दिनांक 01/04/2026 से 10/04/2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। वाहन धारक दिनांक 10/04/2026 को पूर्ण दस्तावेजों के साथ निविदा प्रपत्र कार्यालय में समय 6.00 बजे तक जमा कर सकते हैं, जिन्हें दिनांक 13/04/2026 को अपरान्ह 3.00 बजे अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष खोला जावेगा। निविदा की शर्तें कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं, निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अंतिम निर्णय अद्योहस्क्षरकर्ता का होगा।

स्थान- शाहपुर
दिनांक- 31/03/2026

कार्यक्रम अधिकारी
मनरेगा, ज.पं. शाहपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत भौंरा, ज.पं. शाहपुर

क्र./ग्रा.पंचा./निविदा 2026-27 **निविदा** दिनांक : 01/04/2026

वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभिन्न योजना के निर्माण कार्य हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता होगी। जिसकी लागत से कम से कम 25000/- से ज्यादा होगी। जिसके लिए दिनांक 01/04/2026 से 06/04/2026 तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07/04/2026 को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदाकर्ता के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. | सामग्री का नाम | साईज / प्रकार / विवरण |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | पोर्टलैंड सीमेंट |
| 2 | रेत | प्रति घनमीटर |
| 3 | गिट्टी | 20 MM, 40 MM, घनमीटर |
| 4 | परिवहन हेतु ट्रेक्टर, पानी टेंकर | प्रतिदिन के हिसाब से |
| 5 | सेंट्रिंग कुंआ एवं भवन हेतु, सीसी रोड | प्रति वर्ग मीटर |
| 6 | ईट / फाड़ी | प्रति सैंकड़ा, प्रति हजार |
| 7 | स्टेशनरी / फोटो कॉपी | प्रति नग |
| 8 | नल जल योजना सामग्री / विद्युत सामग्री | प्रति नग |
| 9 | दरवाजे / खिड़की / वेंटीलेशन | समस्त साइज के प्रति नग |
| 10 | शौचालय सामग्री समस्त | प्रति नग |
| 11 | मुरम / बोल्डर / काली मिट्टी | प्रति ट्राली |
| 12 | मिक्सर मशीन / वाइब्रेटर / रोलर | प्रति दिन के हिसाब से |
| 13 | लोहा / सरिया / जाली | 6, 8, 10, 12, 16 एमएम |
| 14 | मोटर पंप / पाईप | प्रति नग प्रति फुट |
| 15 | वॉटर शेड मिशन हेतु सामग्री | |

निविदा की विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

मीरा साहेबलाल धुर्वे — सरपंच, ग्राम पंचायत भौंरा
राजू पंडाग्रे — प्रभारी सचिव, ग्राम पंचायत भौंरा

### कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुरमाल, ज.पं. शाहपुर

क्र./ग्रा.पंचा./निविदा 2026-27 **निविदा** दिनांक : 01/04/2026

वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभिन्न योजना के निर्माण कार्य हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता होगी। जिसकी लागत से कम से कम 25000/- से ज्यादा होगी। जिसके लिए दिनांक 01/04/2026 से 06/04/2026 तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07/04/2026 को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदाकर्ता के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. | सामग्री का नाम | साईज / प्रकार / विवरण |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | पोर्टलैंड सीमेंट |
| 2 | रेत | प्रति घनमीटर |
| 3 | गिट्टी | 20 MM, 40 MM, घनमीटर |
| 4 | परिवहन हेतु ट्रेक्टर, पानी टेंकर | प्रतिदिन के हिसाब से |
| 5 | सेंट्रिंग कुंआ एवं भवन हेतु, सीसी रोड | प्रति वर्ग मीटर |
| 6 | ईट / फाड़ी | प्रति सैंकड़ा, प्रति हजार |
| 7 | स्टेशनरी / फोटो कॉपी | प्रति नग |
| 8 | नल जल योजना सामग्री / विद्युत सामग्री | प्रति नग |
| 9 | दरवाजे / खिड़की / वेंटीलेशन | समस्त साइज के प्रति नग |
| 10 | शौचालय सामग्री समस्त | प्रति नग |
| 11 | मुरम / बोल्डर / काली मिट्टी | प्रति ट्राली |
| 12 | मिक्सर मशीन / वाइब्रेटर / रोलर | प्रति दिन के हिसाब से |
| 13 | लोहा / सरिया / जाली | 6, 8, 10, 12, 16 एमएम |
| 14 | मोटर पंप / पाईप | प्रति नग प्रति फुट |
| 15 | वॉटर शेड मिशन हेतु सामग्री | |

निविदा की विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

संतोष वाड़िवा — सरपंच, ग्राम पंचायत रामपुरमाल
राजू पंडाग्रे — सचिव, ग्राम पंचायत रामपुरमाल

**प्लाट बेचना है**

प्राईम लोकेशन में स्थित बैतूल गौठाना में, बैतूल टाऊन फेस 1 में मेन रोड टच 25×50 = 1250 वर्गफुट का प्लाट बेचना है 3103

संपर्क करें : 9424042239

**प्लाट बेचना है**

पुरानी बैतूलबाजार रोड पर, ब्रम्हकुमारी आश्रम के सामने स्थित सतपुड़ा विहार कालोनी में हुंडई वर्कशॉप के सामने स्थित पूर्व मुखी और पश्चिम मुखी 1200-1200 वर्गफीट साइज के 2 प्लाट बेचना है। 0504

:: संपर्क करें :: 9425693399



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मयूर भार्गव द्वारा मुद्रक डीबी कॉर्प लिमि. फौजदार गैरेज, पवारखेड़ा इटारसी रोड, होशंगाबाद से मुद्रित और प्रधान कार्यालय सिविल लाइन, बैतूल से प्रकाशित। संपादक-मयूर भार्गव। समस्त दीवानी, फौजदारी एवं न्यायिक कार्यवाही के लिए क्षेत्राधिकारी बैतूल न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालय-9171141355484

**खबर एक नजर**

## स्कूल चले हम अभियान आज से

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** शासन के निर्देश अनुसार नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 की शुरूआत एक अप्रैल से हो रही हैं। इसी के चलते शासन द्वारा स्कूल चले हम अभियान की शुरुआत आज से शुरू होगी। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जीआर बर्डे ने बताया कि इस दौरान एक से 4 अप्रैल, 2026 तक प्रतिदिन ब्लॉक की समस्त शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में स्कूल के शिक्षको को दिशा-निर्देश जारी किये है। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। कार्यक्रम मे स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित होंगे जिन्हें आमंत्रित भी किया जायेगा । उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की जायेंगी। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन दर्ज कराया जायेगा। बच्चों के पालकों का शाला स्तर पर स्वागत अभिनंदन किया जायेगा। कक्षा 1 से 8 वी तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोज की व्यवस्था की जायेगी।

## 3 दिवसीय पुस्तक मेले का हुआ शुभारंभ

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमला में विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेले का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। यह मेला 31 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए पुस्तकों एवं शैक्षणिक सामग्री की आकर्षक श्रेणी उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आमला शैलेंद्र बड़ोनिया द्वारा किया गया। एसडीएम ने सभी पालकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने बच्चों के साथ मेले में पहुंचकर पुस्तकों एवं स्टेशनरी सामग्री पर मिल रही छूट का लाभ उठाएं। मेले में विभिन्न दुकानदारों द्वारा कॉपियों, किताबों, स्टेशनरी सामग्री और स्कूल बैग पर 10 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इस अवसर पर विकासखंड के विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# यह कैसा स्वच्छता अभियान... सामुदायिक शौचालय 8 साल से अधूरा

▪ लाखों की लागत से बना परिसर बदहाल, न टैंक खुदा न पानी की व्यवस्था

**रानीपुर (राष्ट्रीय जनादेश)। सरकार एक ओर 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत गांवों को ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) बनाने के लिए करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। जिले की ग्राम पंचायत रानीपुर में जिम्मेदारों की घोर लापरवाही के चलते बस स्टैंड पर बना सामुदायिक स्वच्छता परिसर पिछले कई वर्षों से सफेद हाथी साबित हो रहा है। आलम यह है कि निर्माण के 8 साल बीत जाने के बाद भी पंचायत आज तक यहां न तो सेप्टिक टैंक खुदवा पाई है और न ही पानी की टंकी रखवा सकी है।**

### टैंक और पानी के बिना अनुपयोगी

जिले भर में स्वच्छता के उद्देश्य से सन 2019 और 2020 में सामुदायिक स्वच्छता परिसर केंद्रों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर कराया गया था। इसी कड़ी में रानीपुर बस स्टैंड पर भी यात्रियों और ग्रामीणों की सुविधा के लिए परिसर बनाया गया। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद से ही पंचायत ने इस ओर से मुंह मोड़ लिया। बिना टैंक और



बिना पानी के यह शौचालय मात्र एक कंक्रीट का ढांचा बनकर रह गया है, जिसका लाभ किसी को नहीं मिल रहा।

### बाहरी यात्री सबसे ज्यादा परेशान

रानीपुर बस स्टैंड एक मुख्य केंद्र है, जहां से रोजाना सैकड़ों यात्री आवागमन करते हैं। लंबी दूरी की बसों से उतरने वाले यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और वृद्धों को शौचालय की सुविधा न होने के कारण भारी मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यात्री अक्सर शौचालय की तलाश में यहां आते हैं, लेकिन अव्यवस्था देखकर उन्हें खुले में या अन्य स्थानों पर जाने को मजबूर होना पड़ता है।

### ग्रामीणों की शिकायतें ठंडे बस्ते में

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत के सचिव और सरपंच को इस समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों की मांग बेहद साधारण थी–शौचालय का टैंक खोदा जाएं और छत पर पानी की टंकी रखकर नल कनेक्शन दिया जाएं। लेकिन, पंचायत ने हर बार बजट या अन्य तकनीकी कारणों का हवाला देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। आज तक ग्रामीणों की इस जायज मांग पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### सीधे तौर पर सरकारी राशि का दुरुपयोग

बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थल पर सरकारी धन का इस तरह दुरुपयोग पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लाखों की लागत से बनी बिल्डिंग अब देखरेख के अभाव में जर्जर होने लगी है। ग्रामीणों ने अब जिला प्रशासन और जनपद सीईओ से मांग की है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द टैंक निर्माण और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वच्छता परिसर का वास्तविक लाभ जनता को मिल सके।

### इनका कहना है...


रानीपुर बस स्टैंड पर शौचालय तो बना है, लेकिन वो किसी काम का नहीं है। पंचायत को कई बार बोला गया कि टैंक खुदवा दो, पर कोई सुनने वाला नहीं है। यात्रियों को बहुत दिक्कत होती है।

**सतीश जोगलेकर, स्थानीय निवासी, रानीपुर**

बीते डेढ़ माह से नल जल योजना पड़ी है ठप्प

# ग्राम पंचायत कुजबा में गहराया जलसंकट





**खेड़ली बाजार(राष्ट्रीय जनादेश)।** गर्मी का दौर शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल संकट गहराने लगा है। ग्राम कुजबा में बीते डेढ़ माह से नल जल योजना बंद पड़ी है। पंचायत स्तर के ट्यूबवेल का जलस्तर गहराई में जाने के कारण पानी की टंकी में पानी का भराव नहीं हो पा रहा है। ग्रामवासी पीने के पानी के लिए भी इधर-उधर भटक रहे हैं। फिलहाल ग्रामीण किसानों के निजी ट्यूबवेल जिनमें पानी आ रहा है एवं टेंकर से पानी खरीद कर उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान स्थिति में ग्राम में भीषण जल संकट का दौर चल रहा है पेयजल व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। पीने के पानी के लिए भी लोगों को लाइन लगाकर घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि ग्रामीणों को टैंकर से पानी खरीदना पड़ रहा है।

**पानी के लिए हो रही जद्दोजहद:** ग्राम कुजबा के चन्द्रभान वागद्रे, उपसरपंच भोजराव गव्हाड़े, सुदामा चिल्हाटे, आनंद वागद्रे, राजु चिल्हाटे आदि ने बताया कि गांव की नल जल व्यवस्था बंद हुए एक महीने से अधिक समय हो चुका है। स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि गांव के लोगों को पीने के पानी के लिए भी बड़ी मशक्कत करना पड़ रहा है। ग्राम के शासकीय ट्यूबवेल एवं हैंडपंप ने गर्मी की शुरुआत में ही साथ छोड़ दिया वर्तमान हम निजी ट्यूबवेल तथा टैंकरों से पानी खरीदने के लिए विवश हो रहे हैं। पेयजल की समस्या के समाधान के लिए पीएचई विभाग को ध्यान देना चाहिए।

**सरकारी ट्यूबवेल एवं हैंडपंप हुए बंद :** ग्राम पंचायत कुजबा के सरपंच राजेश बबलू चढ़ोकार से इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि लगभग डेढ़ महीने से गांव की पेयजल व्यवस्था बंद पड़ी है। शासकीय ट्यूबवेल का जलस्तर नीचे जाने से पानी की टंकी में पर्याप्त पानी का भराव नहीं हो पा रहा है जिस कारण पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही। ग्राम में कुल 20 हेडपंप है जिसमें से सिर्फ 03 ही चालू है। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान में गांव में भीषण जल संकट की स्थिति निर्मित हो चुकी है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और पीएचई विभाग से लगातार संपर्क किया जा रहा है जिससे कि समस्या का समाधान निकाल सके तथा पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से चल सके।

**संकट से निपटने हेतु पीएचई ने नहीं की तैयारी :** ग्राम के संतोष अड़लक, देवेंद्र चिल्हाटे, सीताराम पंडोले, भास्कर चिल्हाटे, पवन मालवी, पंकज मालवी आदि का आरोप है कि जल संकट से निपटने के लिए पीएचई विभाग द्वारा शुरुआत में ही ठोस कदम उठाने चाहिए थे लेकिन विभाग ने इस ओर कभी ध्यान दिया ही नहीं। विभाग द्वारा गांव की जनसंख्या को देखते हुए पानी की टंकी एवं ट्यूबवेल की व्यवस्था करनी चाहिए। वर्तमान में पिछले डेढ़ माह से नल जल व्यवस्था बंद पड़ी है गांव के लोग दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर है इसके साथ ही टैंकरों से पानी खरीद कर उपयोग कर रहे हैं। इस भीषण जल संकट से निपटने हेतु पीएचई विभाग को कोई ठोस प्रयास करने चाहिए।

# जल गंगा अभियान में सक्रिय हुई नगर पालिका

▪ नेहरू पार्क का होगा हरित विकास, कीर्ति स्तंभ पार्क भी चिन्हित



**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर पालिका परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लगातार कार्य किए जा रहे हैं। स्वच्छता टीम द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देश और विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न जल स्रोतों और जलाशयों के आसपास नियमित सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दामादेव घाट और करबला घाट पर विशेष सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। अभियान के तहत शहर में दो जल संग्रहण संरचनाओं का संवर्धन कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त किया गया है। वहीं जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 563 शासकीय और अशासकीय भवनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कर जियो टैग के साथ पोर्टल पर अपलोड किया गया है। हरित क्षेत्र विकास के लिए नेहरू पार्क को चिन्हित कर उसका विकास किया जा रहा है, जबकि कीर्ति स्तंभ पार्क को सुधार कर हरित क्षेत्र में विकसित करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही एक्यूफर मैनेजमेंट प्लान के अंतर्गत 20 हैंडपंप और बोर रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखें और जल संरक्षण में सहयोग करें, ताकि भविष्य के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

## नपा के पेयजल को जनप्रतिनिधि भी पीकर देखे

▪ गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई कर रही नपा

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** शहर की पेयजल व्यवस्था को लेकर शिवसेना ने एक बार फिर नगर पालिका पर तीखा हमला बोला है। जिला प्रमुख विजेंद्र



कुमार गोले ने कहा है कि जब तक जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्वयं नगर पालिका के नलों का पानी पीना शुरू नहीं करेंगे, तब तक जल सप्लाई में सुधार संभव नहीं है। गोले ने आरोप लगाया कि जिले के अधिकांश जनप्रतिनिधियों के घरों में निजी ट्यूबवेल लगे हुए हैं, जिससे उन्हें पानी की वास्तविक स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। यही कारण है कि आम जनता को गंदा और बदबूदार पानी पिलाया जा रहा है, जबकि जिम्मेदार लोग इससे अछूते बने हुए हैं।

### जनप्रतिनिधि नहीं पीते नपा का पानी

उन्होंने कहा कि नगर पालिका के अधिकारी और पार्षद यदि अपने घरों में सरकारी नल कनेक्शन लेकर उसी पानी का उपयोग करें, जो आम नागरिकों को मिल रहा है, तभी व्यवस्था में सुधार आएगा। जब तक जिम्मेदार लोग खुद इस पानी को नहीं पिएंगे, तब तक समस्या जस की तस बनी रहेगी। शिवसेना ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि जनता के साथ दोहरा व्यवहार किया जा रहा है। एक ओर शुद्ध पानी बेचने की व्यवस्था है, वहीं दूसरी ओर नलों से दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। गोले ने प्रशासन से मांग की है कि पेयजल व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि आम नागरिकों को स्वच्छ पानी मिल सके।

# कचरा खंती में लगी आग से उठ रहा जहरीला धुआं

▪ कचरा प्रबंधन को लेकर गंभीर नहीं है नगर पालिका

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** कचरे में लगी से आग से जहरीला धुआं उठ रहा है जिससे लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है लेकिन कचरा प्रबंधन करने के प्रति नगर पालिका गंभीर दिखाई नहीं दे रही है। पिछले लगभग 15 दिनों से नगर के डंपिंग स्थल पर कचरा लगातार धधक रहा है। इससे उठने वाला जहरीला धुआं आसपास के रहवासियों के लिए बड़ी समस्या बन गया है, जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि उन्हें जहरीले धुएं से राहत मिल सके।

### जहरीले धुएं से हो रही परेशानी

स्थानीय लोगों पवन पवार, रवि, सुशील के अनुसार, डंपिंग स्थल पर प्रतिदिन नया कचरा डाला जा रहा है, जबकि पुराना कचरा पहले से ही सुलग रहा है। आग के कारण कचरा धीरे-धीरे जलता रहता है,



जिससे दिन-रात जहरीला धुआं उठता है। इससे क्षेत्र के निवासियों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### एनजीटी लगा चुका है फटकार

यह स्थिति राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों का उल्लंघन है, जिसमें खुले में कचरा जलाना प्रतिबंधित है। एनजीटी ने पहले भी नगर पालिका को कचरा प्रबंधन में सुधार के लिए फटकार लगाई थी, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। इस संबंध में नगर पालिका के सीएमओ वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि आग बुझाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि जेसीबी मशीन की सहायता से कचरे को हटाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है, हालांकि अभी तक पूरी तरह सफलता नहीं मिल पाई है।

### पिछले साल 90 लाख में हटा था

लगभग एक वर्ष पूर्व नगर पालिका ने करीब 90 लाख रुपए में कचरा हटाने का ठेका दिया था। इसके बावजूद डंपिंग स्थल पर फिर से कचरे का बड़ा ढेर जमा हो गया है। इसके अतिरिक्त, गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण भी नहीं किया जा रहा है, जिससे समस्या और बढ़ रही है।

## केरपानी मंदिर में सुंदरकाण्ड का होगा लाइव प्रसारण

▪ *धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव*

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर राम भक्त मंडली बैतूल द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ, महाप्रसाद वितरण एवं केरपानी मंदिर का लाइव प्रसारण किया जाएगा। भक्तों में शामिल बॉबी जेधे ने बताया कि 2 अप्रैल गुरुवार शाम 7:00 बजे से बस स्टैंड बैतूल गंज पवन बैटरी के बाजू में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सुंदरकांड पाठ महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है इसमें बैतूल के प्रसिद्ध केरपानी मंदिर का लाइव प्रसारण किया जाएगा। राम भक्त मंडली बैतूल ने सभी भक्तों से अपील की है कि केरपानी मंदिर का लाइव दर्शन करके महाप्रसाद का लाभ ले।*

## शार्ट सर्किट को तुरंत कराएं ठीक: जेई

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ट अभियंता एके गुप्ता ने आमजन को आगाह किया है कि घर , खेत अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन या लाइनमैन को बुलाकर ठीक करवाएं। ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके लिए आमजनों को भी आगजनी और करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करना आवश्यक है।

### अर्थिंग की जरूर करें व्यवस्था

कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें, इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, जिससे शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं, या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते शार्ट सर्किट की घटनाएं होती हैं। इसलिए जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आपको पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, ताकि शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके।

### कॉल सेंटर से ले मदद

यदि विद्युत लाइनों से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर, उपाय ऐप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में अवश्य दें। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग, स्विच इत्यादि को स्वयं सुधारने के बजाय किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लें। बिजली के स्विच, सॉकिट, बिजली उपकरण बच्चों की पहुंच से दूर रखें। स्वीकृत भार से अधिक लोड का उपयोग न करें। उचित क्षमता के एम.सी.सी.बी, कट-आउट लगाने के साथ ही अच्छी गुणवत्ता की वायरिंग का ही उपयोग करें।

# गर्मी में बढ़ने लगी मटकों की मांग

▪ सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है पानी

**शाहपुर(राष्ट्रीय जनादेश)। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ज्योतिष पंचाग अनुसार इस वर्ष बीते वर्षो की तुलना में इस साल रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ेगी। गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है, अगर मटके का पानी मिला जाएं शरीर में शीतलता होती हैं। नगर में मिट्टी के मटकों की मांग में इजाफा देखा जा रहा है। एक तरफ शाहपुर नगर यह देशी फ्रिज की मंडी है। यहां का प्रजापति समाज द्वारा हर घर इन देशी फ्रिज मटके का निर्माण किया जाता हैं। जो ट्रको से लोड होकर रोजाना प्रदेश के शहरो में पहुंचाये जा रहे है। पहले जहां लोग फ्रीज और आरओ का पानी पीना पसंद करते थे, वहीं अब स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण पारंपरिक मटकों की ओर लौट रहे हैं। मटकों में रखा पानी न केवल ठंडा और ताजा रहता है, बल्कि सेहत के लिए भी लाभकारी होता है।**

### यह है मटकों की खासियत

मटका निर्माता विजय अन्ना प्रजापत के अनुसार मटके खास मिट्टी से बनाए जाते हैं, जिससे पानी अधिक समय तक ठंडा बना रहता है। शाहपुर के मटकों की भोपाल में भारी मांग है। समय के साथ मटकों को आधुनिक और आकर्षक बनाया जा रहा है। अब नगर का प्रजापति समाज मटका विभिन्न डिजाइनों, रंगों और आकारों के मटके निर्माण कार्य कर रहा हैं। कुछ मटकों में नल लगाए गए हैं, जिससे पानी निकालना आसान हो गया है। मटके रखने के लिए स्टैंड भी बनाए जा रहे हैं, जिससे इन्हें इस्तेमाल करना और सुविधाजनक हो गया है। हालांकि, महंगाई के चलते इनकी कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है।



### स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

मिट्टी के मटकों का उपयोग न केवल सेहत के लिए लाभकारी है बल्कि पर्यावरण के लिए भी अनुकूल है। प्लास्टिक की बोतलों के विपरीत, ये पूरी तरह से प्राक्तिक और पुनः उपयोग में लाए जा सकने वाले होते हैं। पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखता है। शरीर को आवश्यक खनिज (मिनरल्स) प्रदान करता है। पाचन में सुधार करता है और कब्ज, एसिडिटी से राहत देता है। पानी को क्षारीय बनाता है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाता। मिट्टी के मटके केवल पारंपरिक धरोहर नहीं हैं, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का भी बेहतरीन माध्यम हैं।

# अस्पताल और पंचायत का 15 दिनों से बंद है मुख्य मार्ग

## ग्रामीणों के विरोध के चलते आज से काम शुरू करने का दिया आश्वासन

**रानीपुर (राष्ट्रीय जनादेश)। ग्राम पंचायत रानीपुर में विकास कार्य कछुआ गति और प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ रहे हैं। अस्पताल और ग्राम पंचायत को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पिछले 15 दिनों से बंद पड़ा है, जिससे ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। सोमवार को ग्रामीणों ने निर्माणाधीन पुलिया के पास एकत्रित होकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भारी आक्रोश को देखते हुए जनपद पंचायत के इंजीनियर और सरपंच मौके पर पहुंचे और मंगलवार से दोबारा काम शुरू करने का लिखित एवं मौखिक आश्वासन दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ।**



### घटिया सामग्री का हो रहा उपयोग

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत द्वारा बनाई जा रही पुलिया और नाली निर्माण में भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। उपसरपंच धीरेंद्र ठाकुर, सतीश जोगलेकर और उत्तम राठौर ने बताया कि निर्माण कार्य में ईस्टीमेट के विपरीत जाकर नदी की घटिया कपा बजरी का उपयोग किया जा रहा था। जब ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई और गुणवत्तापूर्ण कार्य की मांग की, तो पंचायत ने काम ही बंद कर दिया। पिछले दो सप्ताह से रास्ता बंद होने के कारण मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### पंचायत ने नहीं माना एस्टीमेट

मौके पर पहुंचे जनपद पंचायत के इंजीनियर दीपेश सोनकर ने ग्रामीणों के सामने बड़ी बात स्वीकार की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमने पंचायत को ईस्टीमेट बनाकर दे दिया था, लेकिन कार्य उसके अनुरूप नहीं किया गया। इसी कारण काम रुका हुआ है। मैं इस घटिया निर्माण का मूल्यांकन कतई नहीं करूँगा। नियमों का उल्लंघन करने पर ग्राम पंचायत एजेंसी पर वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

### थाना परिसर की नाली तोड़ी

विवाद सिर्फ मुख्य मार्ग तक सीमित नहीं है। निर्माण के दौरान थाना परिसर की पुरानी नाली को भी तोड़ दिया गया और वहां से निकलने वाले वैकल्पिक मार्ग को भी बंद कर दिया गया। इससे आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। विरोध बढ़ता देख सरपंच ने आश्वासन दिया है कि थाना परिसर की नाली का पुनर्निर्माण जल्द कराया जाएगा ताकि पुलिस प्रशासन और आम जन को दिक्कत न हो।

### आज मंगलवार तक दी डेडलाइन

ग्रामीण सदन मालवीय और अन्य लोगों का कहना है कि पंचायत ने पहले भी कई बार झूठे आश्वासन दिए हैं। सोमवार का दिन बीत जाने के बाद अब सबकी निगाहें मंगलवार पर टिकी हैं। सरपंच और इंजीनियर ने वादा किया है कि मंगलवार से गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ काम शुरू कर दिया जाएगा। यदि काम शुरू नहीं होता है, तो ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शुरू हुए आयोजन

▪ झांकियों के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर में प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। जन्मोत्सव पर बजरंग दल द्वारा फव्वारा चौक पर विशेष साज सज्जा कर आकर्षक तरीके से सजाया जाता है साथ ही शाम भव्य शोभायात्रा निकली जाती है। इस वर्ष भी बजरंग दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है।तैयारियों के तहत नगर को तोरण एवं ध्वजाओं से पूरी तरह भगवामय किया जा रहा है जिसके लिए बजरंगदल के कार्यकर्ता पूरे उत्साह से जुटे हुए हैं।

### तीन दिवसीय होंगे आयोजन

दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि नगर में 3 दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित होगे जिसमें 31 मार्च दिन मंगलवार को मातृशक्ति दूर्गा वाहिनी एवं बजरंगीयो द्वारा भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। 1 अप्रैल बुधवार शाम 5 बजे से भव्य संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं महाआरती के बाद रंगारंग आतिशबाजी का कार्यक्रम संपन्न होगा। 2 अप्रैल दिन बुधवार को नगर में शाम आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो कि नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरेगी।


### झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

उन्होंने बताया कि इस वर्ष शोभा यात्रा में प्रमुख आकर्षण सुन्दर झांकियां रेहेगी। शहर में पहली बार सुप्रसिद्ध जय मां अंबे धुमाल ग्रुप द्वारा भव्य शोभायात्रा में प्रस्तुति दी जाएगी। नगर सहित आस पास के क्षेत्र एवं महाराष्ट्र के बजरंग दल के बजरंगी शामिल रहेंगे। इस पावन अवसर पर पुराना नाका बीजेपी भवन के सामने भी बजरंग दल द्वारा मंच भव्य झांकियों सजाई जा रही है। बजरंग दल ने नगर एवं क्षेत्र वासियों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की गई है।

# सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य नागेश पंवार को दी विदाई

▪ कार्यक्रम में मौजूद थे शिक्षक, छात्र और ग्रामीणों

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांसपानी में 38 वर्षों की सेवा पूर्ण करने पर प्राचार्य नागेश पवार को भावभीनी विदाई दी गई। सम्मान समारोह में शाला स्टाफ, छात्र-छात्राओं और अतिथियों की मौजूदगी में हर चेहरा भावुक नजर आया और माहौल पूरी तरह संवेदनाओं से भरा रहा।**



### कार्यकाल को किया याद

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री वरकड़े ने अपने संबोधन में कहा कि नागेश पवार निष्ठावान और कर्तव्यपरायण रहे हैं। वे अपने सभी कार्य समय से पहले पूर्ण करते थे और हमेशा शाला के प्रति समर्पित रहे। शासकीय उत्कृष्ट शाला बैतूल के प्राचार्य श्री उदयपुरे ने कहा कि नागेश पवार उनके अभिन्न मित्र हैं और उन्होंने हमेशा निष्पक्षता के साथ कार्य किया। उन्होंने बताया कि दोनों ने मिलकर कई कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया और पवार का सहयोग हमेशा सराहनीय रहा। चिखली माल हायर सेकंडरी स्कूल के पूर्व प्राचार्य आनंद साहू ने तेरे जैसा यार कहा, कहा ऐसा याराना गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक कर दिया। कुछ समय के लिए पूरा सभागार सन्नाटे में डूब गया। कार्यक्रम को प्राचार्य श्री पाटणकर, प्राचार्य श्री पाटिल, प्राचार्य श्री दामडे, पूर्व प्राचार्य श्री मति पीटर, प्राचार्य श्री लिलोरे, श्री धर्मेंद्र पवार, श्री यादव, विनोद पडलक, शिवराम धुर्वे, श्री बारसे और श्रीमती पाटिल शिक्षिका सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

### स्मृति चिन्ह भेंट कर दी विदाई

अंत में सेवानिवृत्त प्राचार्य नागेश पवार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षण उनके लिए अत्यंत भावुक है और उन्हें सभी का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने विश्वास जताया कि शाला आगे भी प्रगति करती रहेगी। इस अवसर पर उन्हें फूलमाला, पुष्पगुच्छ, शाल-श्रीफल, लकड़ी की आरामदायक कुर्सी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन शिक्षक पृथ्वीलाल पवार ने किया और आभार प्रकट प्रभारी प्राचार्य श्रीमती आरती परते ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दादा नाम संकीर्तन में जुटे श्रद्धालु



**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)।** पूर्णा नगरी में चमत्कारिक संत श्री 1008 त्रिवेणी भारती नागा दादा के वार्षिक उत्सव के द्वितीय चरण का आरंभ दादा नाम संकीर्तन (इक्का)के साथ आरंभ हुआ, नागा दादा के चरण सेवक मनोहर महाराज ने डॉ. नीरज और कृष्णा बारपेटे से पूजा करवाकर दादा नाम संकीर्तन की शुरुआत की। यह दादा नाम संकीर्तन पूरे चौबीस घंटे सोमवार दोपहर एक बजे महाआरती तक जारी रहा जिसमें पूरी श्रध्दा और भक्ति भाव के साथ नागादादा के भक्तों ने संकीर्तन किया। नगर सहित क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से भजन मंडलियों ने यहां पहुंचकर दादा नाम का संकीर्तन किया। संस्थान से जुड़े भाऊराव साकरे, सदानंद सराफ और प्रकाश घानेकर ने बताया कि महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा इसकी समुचित व्यवस्था में संस्थान के सदस्य जुटे हुए हैं। वहीं महाप्रसाद बनाने में करीब एक सैकड़ा कर्मचारी बीते दो दिनों से कार्यरत हैं।

# पिता की स्मृति में भेंट की राशि और दवाईयां

▪ सेवा दिवस के रूप में मोक्षधाम में किया पौधरोपण



**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)।** जनसेवा कल्याण समिति के वरिष्ठ सदस्य, राजा मेडिकल स्टोर के संचालक स्वर्गीय चंद्रशेखर मालवीय की जन्म जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके सुपुत्र एवं युवा समाजसेवी भावेश मालवीय ने अपने पिता की स्मृति में जनसेवा कल्याण समिति को सामाजिक कार्यों हेतु सहयोग राशि प्रदान की। साथ ही उन्होंने हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी समिति को वेटरिनरी मेडिकल किट भेंट कर जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया।

### मोक्षधाम में किया पौधरोपण

श्री मालवीय द्वारा लगभग 3000 रुपये मूल्य की आवश्यक दवाइयां महावीर गौशाला समिति को प्रदान की गई। और मोक्ष धाम में पौधारोपण कर अपने पिता को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि वे पूर्व में भी निरंतर गौसेवा एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सहयोग करते रहे हैं। यह पहल न केवल एक पुत्र के अपने पिता के प्रति प्रेम एवं सम्मान को दर्शाती है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश भी देती है कि अपनों की स्मृतियों को सेवा कार्यों के माध्यम से जीवित रखा जा सकता है।

### यह थे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने भावेश मालवीय का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सेवा कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राहुल धेण्डे, सागर चौहान, नितिन ठाकुर, अमित यादव, शुभम खातरकर, प्रमोद पवार, दीपक खवादे। अंत में सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि स्वर्गीय चंद्रशेखर मालवीय का आशीर्वाद उनके परिवार पर बना रहे और वे इसी प्रकार समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहें।












# सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर मचा बवाल

- बैतूल में आयोजन के विरोध में जपं सदस्यों ने खोला मोर्चा
- आमला से एनओसी लेकर बैतूल में जमा करना होगा आवेदन
- पहले आओ पहले पाओ के आधार पर सिर्फ 200 को मिलेगा मौका

**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर आमला जनपद में विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। जानकारी सामने आ रही है कि इस बार आमला का विवाह सम्मेलन स्थानीय स्तर पर आयोजित न होकर जिला मुख्यालय बैतूल में आयोजित किया जा रहा है। इस फैसले से ग्रामीण जनप्रतिनिधियों और कन्याओं के परिजनों में भारी नाराजगी है। जिला मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के बाद जनपद पंचायत आमला ने सीधे आवेदन लेना बंद कर दिया है। अब यहां के हितग्राहियों को केवल एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) दी जा रही है, जिसे लेकर उन्हें आवेदन जमा करने बैतूल जाना पड़ रहा है।**



## 200 आवेदकों को ही मिलेगी एनओसी

इस संबंध में जनपद पंचायत आमला के सीईओ पंकज दिदोतिया ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन के लिए फिलहाल एनओसी जारी की जा रही है। आवेदन जनपद पंचायत बैतूल में ही जमा होंगे और सम्मेलन भी वहीं आयोजित होगा। सीईओ ने स्पष्ट किया कि एनओसी पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी। जैसे ही 200 आवेदकों को एनओसी जारी हो जाएगी, उसके बाद एनओसी देना बंद कर दिया जाएगा।

## जनपद सदस्यों ने जताई आपत्ति

आमला का सम्मेलन बैतूल स्थानांतरित किए जाने पर जनपद सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। जनपद सदस्य धर्ममती सुखराम कुमरे ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन आमला जनपद की ही किसी ग्राम पंचायत में आयोजित होना चाहिए। वहीं जनपद सदस्य मशरू धुर्वे ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि वर्षों से यह सम्मेलन आमला में होता आया है, इसे इस बार भी यहीं आयोजित किया जाना चाहिए ताकि स्थानीय लोगों को परेशानी न हो।

## जिम्मेदारों के बयानों में विरोधाभास

हैरानी की बात यह है कि इस मामले में जिला मुख्यालय के अधिकारियों के बयानों में तालमेल की कमी दिख रही है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग की उपसंचालक रोशनी वर्मा का कहना है कि यह निर्णय एकतरफा नहीं है, बल्कि सामूहिक रूप से लिया गया है। आमला को बैतूल में होने वाले सम्मेलन में ही शामिल किया गया है। वहीं, दूसरी ओर जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन का कहना है कि विवाह सम्मेलन के स्थानों को लेकर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। जल्द ही इस विषय पर बैठक आयोजित कर स्थान तय किए जाएंगे।

**इनका कहना...**

जिले में कुल 4 स्थानों पर सम्मेलन आयोजित किए जाने हैं। अभी तक कार्यक्रम के लिए स्थान पूरी तरह तय नहीं हुए हैं।

**-डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक, आमला।**

# बाइक समेत चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार विगत 30 मार्च को गश्त के दौरान नागपुर नाका क्षेत्र में पुलिस टीम को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति भूरी टी-शर्ट पहने हुए पट्टन रोड से मुलताई की ओर एक मोटर सायकल के साथ घूम रहा है एवं उसे बेचने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा अमरावती रोड ब्रिज के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय पश्चात मुखबिर के बताए हुलिये का व्यक्ति काले-स्लेटी रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटर सायकल जो बिना नंबर प्लेट एवं सामने का मास्क टूटा हुआ था उसे लेकर आता दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम गौरव पिता कवडु भलावी, उम्र 30 वर्ष, जाति गोंड, निवासी बरूड महाराष्ट्र बताया। वाहन के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने तथा नंबर प्लेट न होने के कारण वाहन चोरी का संदेह होने पर उक्त मोटर सायकल को मौके पर जप्त किया गया एवं आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया।

# पंचर टायर बदलते समय जैक फिसलने से युवक की मौत

- *सीने पर गिर गई थी एसयूवी, अस्पताल पहुंचने से पहले ही तोड़ा दम*

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *एक युवक एसयूवी का पंचर टायर बदल रहा था। वह जैक चढ़ा रहा था तभी अचानक जैक फिसल गया और एसयूवी उसके सीने पर गिर गई। आनन-फानन में युवक को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना मिलानपुर टोल के पास मंगलवार दोपहर में घटी। मृतक की पहचान असम के माझुरी निवासी निपेन हजारिका (32) के रूप में हुई। वह पेशे से ट्रेडर था और भुसावल में अपने जीजा अजीत सिंह पाटिल राजपूत के साथ रुद्रा ट्रेडिंग कंपनी में काम करता था। घटना के समय वह अपने जीजा के साथ बालाघाट से खंडवा जा रहा था। दोपहर करीब 2 बजे मिलानपुर टोल के पास उनकी कार का टायर पंचर हो गया। निपेन ने सड़क किनारे वाहन रोककर जैक की मदद से टायर बदलना शुरू किया। इसी दौरान अचानक जैक फिसल गया और कार सीधे उसके सीने पर आ गिरी। यह हादसा इतना अचानक हुआ कि उसे संभलने का मौका नहीं मिला। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। टोल कर्मचारियों ने तुरंत युवक को कार के नीचे से बाहर निकाला और एनएचएआई एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय भिजवाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर बैतूल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को जिला चिकित्सालय की मर्चुरी में रखवाया गया है, जहां पोस्टमार्टम किया जाएगा। उप निरीक्षक अजय वरकड़े के अनुसार, प्राथमिक जांच में युवक की मौत सीने पर गंभीर चोट लगने से हुई प्रतीत हो रही है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। बताया गया है कि मृतक निपेन हजारिका अविवाहित था और उसका परिवार असम में रहता है। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है।*

# आदिवासियों के लिए काम कांग्रेस ने और शोषण भाजपा ने किया: जायसवाल



- गुरु साहेब बाबा समाधि स्थल से कांग्रेसियों ने शुरु की कांग्रेस जोड़ो यात्रा

**चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)।** मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद की नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष कंचन बारस्कर के नेतृत्व में कांग्रेस जोड़ो यात्रा का शुभारंभ क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मलाजपुर के गुरुसाहेब बाबा की समाधि स्थल से हुआ। इस अवसर पर नागरिक आपूर्ति निगम के पूर्व उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता राजेंद्र जायसवाल ने कहा कि हमेशा आदिवासियों व गरीब, पिछड़ों की लड़ाई इमानदारी से कांग्रेस ने ही लड़ी है। भाजपा ने सिर्फ इनका वोट के रुप में शोषण ही किया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक भैंसदेही धरमू सिरसाम, ब्लाक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष यादव, ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष विजय आर्य, वरिष्ठ नेता नरेन्द्र आर्य, ऋषि सिरसाम, किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव अखलेश अक्कू पटेल, कांग्रेस नेता नेकराम यादव, युवा नेता राहुल पटेल, कांग्रेस नेत्री पुष्पा पेंद्रम, संदीप ठेकेदार, वीरेंद्र यादव, सोबू पंडोले, मनीष आर्य, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सरपंच, रुपेश आर्य सहित कांग्रेस के वक्ता राजेश साहू बाबा उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने यात्रा को हरी झंडी दिखा रवाना किया। यह यात्रा कांग्रेस पार्टी से जन साधारण को जोड़ने व कांग्रेस की बातों को लोगों तक पहुंचाने के लिए आदिवासी विकास परिषद की ब्लॉक अध्यक्ष कंचन बारस्कार व कांग्रेस नेता राजेश साहू द्वारा निकाली जा रही है। यात्रा सम्पूर्ण ब्लॉक के गांव-गांव में जा कर कांग्रेस की विचारधारा का प्रचार करेंगी।

## खबर एक नजर

### आंबेडकर प्रतिमा के भूमि आवंटित करने की मांग



**घोड़ाडोंगरी (राष्ट्रीय जनादेश)।** अजाक्स के जिला अध्यक्ष दशरथ धुर्वे ने बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा के लिए भूमि प्रदान किए जाने की मांग को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे ज्ञापन में श्री धुर्वे ने बताया कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पूरे नगर परिषद घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में नहीं है। यह एक बहुत ही दुख का विषय है कि सभी वर्गों के लिए कार्य करने वाले महान व्यक्ति की एक भी प्रतिमा नहीं है। उन्होंने निवेदन किया है कि बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा के लिए कोई भी प्रमुख चौराहे या सार्वजनिक स्थान पर भूमि आवंटन करने की कृपा करें, जिससे उनकी जयंती और पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की जा सके और समाज में उनके आदर्शों और विचारों का प्रचार-प्रसार हो सके।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा, होगा भंडारा

**चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)।** राम नवमी के बाद अब महाबली हनुमान जी के जन्मोत्सव की राह सारा नगर देख रहा है। इस दिन नगर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में पूजन पाठ के साथ विभिन्न आयोजन किये जाएंगे। नगर की समाज सेवी संस्था आयुष्मान फाउंडेशन के बैनर तले इस बार भव्य शोभा यात्रा के साथ बस स्टैंड चिचोली पर श्री तपश्री गणेश उत्सव समिति और आयुष्यामान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। खाक चौक स्थित सिद्ध स्थल हनुमान मंदिर में सुबह से ही पूजा पाठ की तैयारियां जोरो पर है। वहीं सिद्ध स्थल टांडा, पीडब्लूडी परिसर में भी हनुमान मंदिर पर प्रसादी व पूजन का आयोजन किया जा रहा है। दिन भर चलने वाले भंडारे के उपरांत हनुमान दद्दा की झांकी के साथ समाजसेवी संस्था आयुष्मान फाउंडेशन द्वारा बाजार चौक स्थित शीतला माताजी मंदिर से शाम 7 बजे शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जय स्तंभ चौक पहुंचेगी, जहां से वापस बस स्टैंड पर आयोजित बजरंग बली की महा आरती व प्रसादी वितरण संपन्न होगा।

# थाने के सामने आधा घंटा फंसी रही एंबुलेंस

- सरपंच-इंजीनियर का आश्वासन कोरा साबित, नहीं हुआ काम शुरू

**रानीपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** सोमवार को सरपंच और इंजीनियर दीपेश सोनकर द्वारा दिया गया 'मंगलवार से काम शुरू होने' का आश्वासन पूरी तरह हवा हवाई साबित हुआ। मंगलवार को भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। जिससे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आलम यह रहा कि आज सुबह एक एंबुलेंस आधे घंटे तक थाने के सामने खड़ी रही, लेकिन रास्ता न होने से मरीज को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। रानीपुर का मुख्य मार्ग थाने के सामने से होते हुए ग्राम पंचायत और अस्पताल को जोड़ता है। इस पर पिछले 15 दिनों से निर्माण कार्य बंद होने के कारण बाधित है। पुलिया का काम बीच में ही छोड़ दिए जाने से न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि आपातकालीन सेवाओं पर भी ब्रेक लग गया है। सोमवार को ग्रामीणों ने जब इस पर आपत्ति जताई, तो जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार का वादा किया था, जो महज़ कागजी निकला।




## एंबुलेंस फंसी, वैकल्पिक मार्ग भी बंद

आज सुबह 7 बजे एक गंभीर मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस थाने के सामने करीब 30 मिनट तक रास्ता मिलने का इंतजार करती रही। पुलिया का काम बंद होने और कोई सुगम वैकल्पिक मार्ग न होने से एंबुलेंस अस्पताल तक नहीं पहुंच पाई। इसी बीच, थाने के पास से गुजरने वाले वाहनों के दबाव के कारण थाने की नाली भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके बाद सुरक्षा कारणों से थाने की ओर जाने वाला वैकल्पिक रास्ता भी बंद कर दिया गया है।

## सरपंच-इंजीनियर पर बरसे ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच और इंजीनियर दीपेश सोनकर केवल झूठे आश्वासन देकर समय बिता रहे हैं। मौके पर निर्माण सामग्री या मजदूरों की कोई मौजूदगी न देखकर लोगों में भारी उबाल है। थाने के सामने से गुजरने वाले इस मार्ग के बंद होने से स्कूली बच्चों, मरीजों और आम राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीण सतीश जोगलेकर, उत्तम राठौर और सदन मालवीय सहित दर्जनों लोगों ने इस अव्यवस्था पर कड़ा ऐतराज जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब इस मामले की औपचारिक शिकायत जिला कलेक्टर से की जाएगी। यदि जल्द ही निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरू नहीं हुआ, तो ग्रामीण सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

**इनका कहना...**

हमने मंगलवार से काम शुरू करने की पूरी तैयारी की थी, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों और सामग्री की उपलब्धता न होने से देरी हुई है। हम जल्द से जल्द काम शुरू करवाने का प्रयास कर रहे हैं।

**– दीपेश सोनकर, इंजीनियर**

# प्रशांत भार्गव पुनः बने भारत विकास परिषद के अध्यक्ष

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** भारत विकास परिषद के प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं शाखा विस्तारक तथा समन्वयक राजीव खंडेलवाल के पर्यवेक्षण में मां ताप्ती शाखा मुलताई का निर्वाचन कार्य सोमवार को संपन्न हुआ। इस वर्ष पुनः 2025-26 के अध्यक्ष/सचिव/ कोषाध्यक्ष को पुनः सेवा सत्र 2026-27 हेतु शाखा सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

## इनकी हुई नियुक्ति

इसमे अध्यक्ष प्रशांत भार्गव, उपाध्यक्ष भूषण चौधरी, सचिव कन्हैया सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप भार्गव, महिला प्रमुख माधुरी साबले,सहसचिव मुकेश जैन, सह कोषाध्यक्ष संदीप तारे, संस्कार संयोजक राहुल भार्गव, सम्पर्क संयोजक रवि प्रकाश खड़के,सेवा संयोजक दीपेश बोथरा, पर्यावरण संयोजक प्रवीण जैन, नेत्र शिविर प्रमुख डॉ.राजेंद्र ठाकुर,एनीमिया प्रमुख डॉ. संदीप बर्डे,ब्लड डोनेशन प्रमुख डॉ. अंकुश भार्गव, भारत को जानो प्रमुख राजेश्वर बुआड़े, राष्ट्रीय समूहगान प्रमुख मितेश गुलतकर, गुरु वंदन छात्र अभिन्दन प्रमुख मनोज उइके, प्रचार प्रमुख गजानन कवड़कर, ग़रीबी उन्मूलन प्रमुख गिरीश मगरदे, मिडिया प्रमुख प्रशांत भार्गव की नियुक्ति की गई।



## इन्होंने दी बधाई

बैठक में परिषद के वरिष्ठ सदस्य तपन खंडेलवाल, देवेंद्र धोपाड़े, संदेश जैन एवं प्रांतीय संस्कार प्रमुख अभिषेक खंडेलवाल जिला समन्वयक राजीव जी जैनसी. एस. चंदेल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ मुलताई उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने मां ताप्ती शाखा मुलताई के सभी सदस्यों एवं नवनिर्वाचित दायित्वधारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# 32 आदिवासियों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग

- *खेड़ी रामोसी काण्ड में गोंगपा ने एसडीएम मुलताई को सौंपा ज्ञापन*



***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने ग्राम खेड़ीरामोसी कांड में 32 आदिवासी परिवारों पर दर्ज एफआईआर को लेकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष तिरुमाल उर्फ चिंतूलाल उइके के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मुलताई को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और एफआईआर वापस लेने की मांग की गई।*

## *क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त*

*ज्ञापन में बताया गया कि जिन आदिवासी नागरिकों पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है, वे सभी सामान्य, मेहनतकश और शांतिप्रिय लोग हैं, जो अपने पारंपरिक जीवन-यापन में लगे हुए हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद इन परिवारों को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे क्षेत्र में भय और असंतोष का माहौल बन गया है।*

## *बिना जांच के किया आकलन*

*पार्टी ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई बिना समुचित जांच और वास्तविक परिस्थितियों के आकलन के की गई है, जिससे निर्दोष लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन में प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराते हुए सभी 32 आदिवासी नागरिकों पर दर्ज एफआईआर को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि 10 दिनों के भीतर एफआईआर वापस नहीं ली गई तो गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा उग्र प्रदर्शन, महा आंदोलन और पुतला दहन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पिंकेश धुर्वे सहित मेखलाल कवडे, रमेश उइके और रामनाथ कवडे मौजूद रहे।*

# नपा खुद वसूलेगी साप्ताहिक बाजार शुल्क

- सामान्य सभा की बैठक में 34 करोड़ का बजट किया पारित

**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)। स्थानीय नगरपालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक सोमवार को नपा अध्यक्ष नितिन गाडरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में शहर के विकास और राजस्व संग्रहण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। परिषद ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि अब साप्ताहिक बाजार और दैनिक गुजरी में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से बाजार शुल्क की वसूली नगरपालिका खुद करेगी। यानी अब बाजार की वसूली के लिए कोई निजी ठेका नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही बाजार शुल्क में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव भी पारित किया गया है।**

## सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

नपा अध्यक्ष नितिन गाडरे ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका की आय बढ़ाने और व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से अब बाजार वसूली का काम विभाग स्वयं संभालेगा। उन्होंने बताया कि इस बार बाजार शुल्क में 20 प्रतिशत की वृद्धि भी की गई है। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए करीब 34 करोड़ रुपए का अनुमानित बजट भी सर्वसम्मति से पारित किया गया है। इस बजट में शहर के विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया गया है।




## बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी नितिन बिजवे, उपाध्यक्ष किशोर माथनकर सहित पार्षद सुनील उइके, सुधीर अम्बड़कर, संजय राठौर, दीक्षा सुरजेकर, राकेश शर्मा, ममता धमोड़े, अलका मानकर, शोभा देशमुख, रोहित हरोडे, खुशबू अतुलकर, पदमणी भूमरकर और नीलिमा साहू उपस्थित थीं। इनके अलावा नपा के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## वार्ड 9 की पार्षद ने जताया विरोध

एक ओर जहाँ परिषद ने शुल्क बढ़ाने और खुद वसूली का निर्णय लिया, वहीं वार्ड क्रमांक 9 की कांग्रेस पार्षद खुशबू अतुलकर ने इस निर्णय का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने नपा अध्यक्ष और सीएमओ को एक पत्र सौंपकर साप्ताहिक बाजार की वसूली बंद करने की मांग की। पार्षद खुशबू ने बाजार शुल्क में की गई 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर भी कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

## शासन के आदेश का पालन करें नपा: खुशबू अतुलकर

पार्षद खुशबू अतुलकर ने सदन में अपनी बात रखते हुए कहा कि जब शासन की ओर से बाजार वसूली पर रोक लगाने के निर्देश हैं, तो नगरपालिका परिषद को शासन के नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि व्यापारियों और छोटे दुकानदारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं है। गौरतलब है कि इस पूरे मामले में कांग्रेस पार्षद ने अपनी असहमति दर्ज कराते हुए जनहित में निर्णय लेने की मांग की है।

# सूने घर से 20 हजार चुराने वाला गिरफ्तार

■ आरोपी पर पहले से दर्ज हैं 18 आपराधिक प्रकरण



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** थाना बोरदेही पुलिस ने चोरी के एक आदतन अपराधी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी ने सूने घर से 20 हजार रुपये चुराए थे। यही नहीं उसके खिलाफ पहले से 18 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। 30 मार्च को थाना बोरदेही में आवेदक अभिराम पिता नंदन कुमरे उम्र 45 साल निवासी नरेरा द्वारा एफआईआर दर्ज कराई कि अमन उर्फ चमन निवासी चुन्नीढाना गंज बैतूल द्वारा घर से 20000 रुपये चोरी कर लिए गए हैं। इस पर थाना बोरदेही में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अमन उर्फ चमन पिता शंकर खंडाग्रे, उम्र 26 साल निवासी चुन्नी ढाना बैतूल को 31 मार्च को गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। आरोपी चमन उर्फ अमन के विरुद्ध बैतूल जिले के थानों में चोरी, नकबजनी, मारपीट, छेड़छाड़ एवं 25 आर्म्स एक्ट के कुल 18 अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपी चमन उर्फ अमन पूर्व से संपत्ति संबंधी अपराधों का आदतन अपराधी हैं तथा थाना गंज जिला बैतूल का निगरानी बदमाश है। चोरी के मामले में एक अन्य आरोपी रोसू उर्फ बारीक फरार है, जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है। गिरफ्तार आरोपी से चोरी गए 20000 रुपये में से 2000 रुपये जब्त किए गए हैं।

# राइडर्स प्लेनेट बैतूल ने पूरी की 5200 किमी यात्रा

■ तीन राइडर्स ने नॉर्थ ईस्ट से भूटान तक तय किया साहसिक सफर
■ गुवाहाटी, शिलांग, चेरापूंजी से काजीरंगा तक बाइक से पहुंचा काफिला

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। राइडर्स प्लेनेट बैतूल मोटर साइक्लिंग क्लब ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय राइड कर इतिहास रच दिया है। क्लब के राइडर्स ने तीन चरणों में 5200 किलोमीटर से अधिक की महायात्रा पूरी कर मध्यप्रदेश की बाइकिंग कम्युनिटी में नई पहचान बनाई है।**



## माँ कामाख्या शक्तिपीठ के किए दर्शन

इस ऐतिहासिक राइड में बैतूल जिले के तीन राइडर रानू हजारे, उज्जवल धोटे और नीरज श्रीवास्तव ने साहसिक सफर तय किया। प्रथम चरण के बाद राइडर्स नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में पहुंचे, जहां असम के गुवाहाटी में मां कामाख्या शक्तिपीठ के दर्शन किए। इसके बाद मेघालय के शिलांग, चेरापूंजी, लेटलूम और सेवन सिस्टर वॉटरफॉल का भ्रमण किया। त्रिपुरा के अगरतला होते हुए काजीरंगा नेशनल पार्क तक राइड कर दूसरे चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## भूटान में देखे प्राचीन बौद्ध मठ

तीसरे चरण में राइडर्स भारत के मित्र देश भूटान के समद्रुप पहुंचे, जहां उन्होंने प्राचीन बौद्ध मठ, प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक जीवनशैली, सेमजोंग गांव और स्थानीय व्यंजनों का अनुभव लिया। इसके बाद समद्रुप से गुवाहाटी लौटते हुए बैतूल के लिए रवाना होकर 5200 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

## इन्होंने दी शुभकामनाएं

क्लब के प्रेसिडेंट प्रशांत बिट्टू बोथरा सहित विशाल भद्रे, विवेक मालवीया, रजनीश जैन, अंगद तुली, अंकित सिंह (मुंबई), योगी खंडेलवाल, रौनक गोठी, संकेत मालवीय, मोनू (विनय) वर्मा, सतीश बिंझाड़े, संतोष ओंकार, लकी साहू, दुष्यंत पांडे, राजीव (मोनू) वर्मा, आदित्य डोंगरे, मन पांडे, श्रेयांश सोनी, विवेक अग्निहोत्री, एडवोकेट संतोष हजारे, आरेंद्र वर्मा, संतोष ठाकुर सहित सभी सदस्यों ने राइड के दूसरे चरण की सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

## दो अंतर्राष्ट्रीय राइड की पूरी

राइडर्स प्लेनेट बैतूल जिले का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय मोटरसाइकिल क्लब है, जो ईको टूरिज्म और ट्रैफिक अवेयरनेस का संदेश देते हुए राइड करता है। लगातार दूसरी बार अंतरराष्ट्रीय राइड कर क्लब ने प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना ली है। विदित हो कि क्लब की स्थापना 18 मई 2024 को हुई थी और अब इसके दो वर्ष पूरे होने को हैं। इस छोटे से समय में राइडर्स ने दो अंतराष्ट्रीय राइड सफलतापूर्वक पूरी कर इतिहास रच दिया है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे सुंदरकांड पाठ और भंडारे

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर और जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बैतूल गंज में रेलवे अंडर ब्रिज के पास पटेल मार्केट स्थित कांता विहार में सुंदरकांड और महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। उमिया सेनेटरीज और श्री उमिया लॉन के संचालक विवेक एच. पटेल और जितेश एच. पटेल ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 1 अप्रैल बुधवार की रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड का शुभारंभ होगा। इसके बाद 2 अप्रैल गुरुवार को दोपहर 12 से 3 बजे महाप्रसादी (भंडारे) का वितरण होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। इसी तरह बस स्टैंड बैतूल गंज में पवन बैटरी के बगल में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ और महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजक बॉबी जेधे एवं समस्त राम भक्त मंडली द्वारा जानकारी दी गई कि इस अवसर पर केरपानी वाले दादा का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। कार्यक्रम 2 अप्रैल की शाम 7 बजे से शुरू होगा। श्री जेधे ने सभी हनुमान भक्तों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।*

# एक्सीडेंट में घायल दूसरे युवक की भी हुई मौत

■ एनएच बरेठा घाट में अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** एनएच पर बरेठा घाट में सोमवार को हुए एक्सीडेंट में एक युवक की मौत हो गई थी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उसकी भी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान भैयालाल पंद्राम(22) के रूप में हुई थी।

## एक की हो गई थी मौके पर मौत

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 2 बजे बरेठा घाट के पहले मोड़ पर एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे के समय दोनों युवक सिंगार चावड़ी गांव से बकतरा जा रहे थे। इस दुर्घटना में गुम्मा ढाणा निवासी जगदीश नर्रे की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि भैयालाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## गंभीर हालत में अस्पताल में था भर्ती

हादसे में भैयालाल के दाहिने पैर की फीमर बोन टूट गई थी और चेहरे पर भी गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें 108 एम्बुलेंस से शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया। आईसीयू में इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। मृतक जगदीश नर्रे खेती-मजदूरी करते थे और अपने दो भाइयों में छोटे थे। उनकी शादी करीब 15 दिन पहले तय हुई थी। वहीं, भैयालाल पंद्रम अपने दो भाइयों में बड़े थे और अभी अविवाहित थे। सोमवार को जगदीश का पोस्टमार्टम शाहपुर में कर शव परिजनों को सौंप दिया गया था। भैयालाल के शव का भी पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच जारी है।

# पिपलेश्वर बाल हनुमान मंदिर में होगा सुंदरकांड और भंडारा

*__घोड़ाडोंगरी (राष्ट्रीय जनादेश)।__ हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर दुर्गा चौक स्थित दक्षिण मुखी पिपलेश्वर बाल हनुमान मंदिर में इस वर्ष विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल रहेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति के सदस्य राजेश अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके साथ ही संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत विधि-विधान से हवन-पूजन किया जाएगा तथा इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है। राजेश अग्रवाल ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।*

# गौ-संरक्षण से संभव है वैश्विक ऊर्जा संकट का समाधानः उत्तम गायकवाड़

■ संगोष्ठी में हुआ ऊर्जा संसाधनों के विविध आयामों पर विचार मंथन

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में तीव्र होते ऊर्जा संकट ने समस्त विश्व समुदाय को वैकल्पिक, सतत एवं पर्यावरण-सम्मत ऊर्जा स्त्रोतों की खोज हेतु बाध्य कर दिया है। इसी संदर्भ में पशुपालन मंत्री लखन पटेल के आवास पर एक उच्च स्तरीय एवं विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें गौ-आधारित ऊर्जा संसाधनों के विविध आयामों पर गहन मंथन संपन्न हुआ।**



संगोष्ठी के केंद्र में गौ-आधारित बायोगैस, गोबर से निर्मित उपले तथा गोबर-आधारित काष्ठ (लकड़ी) जैसे परंपरागत किंतु अत्यंत उपयोगी ऊर्जा स्त्रोतों की व्यवहार्यता, प्रभावशीलता एवं व्यापक क्रियान्वयन की संभावनाओं पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक विमर्श किया गया। प्रख्यात गौ-सेवक उत्तम गायकवाड़ ने अपने उद्बोधन बताया किया कि 'गौ-संरक्षण एवं संवर्धन केवल सांस्कृतिक आस्था का विषय नहीं, अपितु यह राष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता एवं पर्यावरणीय संतुलन की दृष्टि से भी अत्यंत अनिवार्य है। यदि हम गौ माता के संरक्षण हेतु संकल्पबद्ध हों, तो वह समस्त राष्ट्रीय संकटों से उबारने में सक्षम है। आवश्यकता है प्रत्येक नागरिक के अंतःकरण में गौ माता के प्रति कर्तव्यबोध जागृत करने की।'

इस गरिमामयी संगोष्ठी में रक्षा मंत्रालय के सलाहकार लेफ्टिनेंट चंद्रभान डांगी, राष्ट्रीय जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के सुनील मानसिंहका, युवा व्यवसायी प्रतीक गलफट, योगेश द्विवेदी सहित अनेक प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिक, उन्नत कृषक एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही संगोष्ठी में क्षेत्रीय स्तर के कई अन्य समाजसेवी, गौ-सेवक एवं जागरूक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने अपने-अपने अनुभव एवं सुझाव प्रस्तुत कर विमर्श को और अधिक समृद्ध बनाया।

विशेषज्ञों द्वारा यह मत व्यक्त किया गया कि गौ-आधारित ऊर्जा न केवल कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में सहायक है, अपितु यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पुनरुत्थान, रोजगार सृजन एवं सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

संगोष्ठी के निष्कर्ष के रूप में यह अभिमत उभरकर सामने आया कि यदि गौ-आधारित ऊर्जा संसाधनों को योजनाबद्ध एवं वैज्ञानिक पद्धति से राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित किया जाए, तो भारत ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त एवं स्थायी कदम अग्रसर कर सकता है।

# मोटर साइकिल चोरी के संदेह में आरोपी गिरफ्तार, वाहन भी बरामद



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के संदेह में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एक वाहन भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि 30 मार्च को सुबह की गश्त के दौरान नागपुर नाका क्षेत्र में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति भूरी टी-शर्ट पहने हुए प्रभातपट्टन रोड से मुलताई की ओर एक मोटर साइकिल के साथ घूम रहा है एवं उसे बेचने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा अमरावती रोड ब्रिज के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय पश्चात मुखबिर के बताए हुलिये का व्यक्ति काले-स्लेटी रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटर साइकिल (बिना नंबर प्लेट, सामने का मास्क टूटा हुआ) लेकर आता दिखाई दिया। उसे रोककर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम गौरव पिता कवडु भलावी, उम्र 30 वर्ष, निवासी वरूड़ (महाराष्ट्र) बताया। वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने तथा नंबर प्लेट न होने के कारण वाहन चोरी का संदेह होने पर उक्त मोटर साइकिल को मौके पर जब्त किया गया एवं आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। आरोपी के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 01/2026 धारा 35(1) ड बीएनएसएस एवं धारा 305(बी) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।









# अक्षय तृतीया पर ना हो बाल विवाह

**▪ कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

*बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)। जिले में आगामी 20 अप्रैल 2026 को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक गतिविधियां अनिवार्य रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि बाल विवाह रोकथाम के लिए निर्धारित सभी गतिविधियां प्रभावी रूप से कराई जाएं तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो।*

### विद्यार्थियों को भी करें जागरूक

*उन्होंने निर्देशित किया है कि जिले के सभी शासकीय स्कूलों एवं कॉलेजों में विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए एवं हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। 20 अप्रैल को पंचायत एवं नगरीय निकायों में जनप्रतिनिधियों द्वारा बाल विवाह न होने देने की शपथ दिलाई जाए तथा इसे सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित भी कराया जाए। अक्षय तृतीया के पूर्व स्कूली बच्चों की रैली निकाली जाए।*

### स्व सहायता समूह से करें चर्चा

*साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गांवों में समूह चर्चा आयोजित कर बाल विवाह रोकने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं। प्रशासन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, ग्राम कोटवार एवं पंचायत सचिव के माध्यम से 18 वर्ष से कम उम्र की अविवाहित किशोरियों की जानकारी एकत्र कर संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ऐसे परिवारों को समझाइश दी जा सके एवं विशेष निगरानी रखी जा सके।*

### हेल्पलाइन नंबरों का करें प्रचार

*बाल विवाह की सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर 181, 1098 एवं 112 का व्यापक प्रचार किया जाए तथा बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए भी लोगों को जागरूक किया जाए। प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड में सूचना दल गठित कर विवाह आयोजनों पर नजर रखी जाए। इसके साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तर पर 24×7 कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे, जहां प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।*

### उड़नदस्तों का करें गठन

*इसके अतिरिक्त, बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला एवं परियोजना स्तर पर उड़न दस्तों का गठन किया जाएगा, जो विवाह स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाल विवाह रोकथाम अभियान को गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित अधिकारी मैदानी स्तर पर सक्रिय रहें तथा यह सुनिश्चित करें कि जिले में कहीं भी बाल विवाह न हो।*

**आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई पार्टी की कामकाजी बैठक**

# सभी बूथों पर मनाएं पार्टी का स्थापना दिवस: पंवार

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय विजय भवन में मंगलवार को आगामी कार्यक्रमों को लेकर कामकाजी बैठक संपन्न हुई। जिसमें संपन्न हुए कार्यक्रमो की भी समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि आगामी 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ मनाने की तैयारी में हमें जुट जाना है। पिछले दिनों आजीवन सहयोग निधि अभियान चला जो अब समापन की तरफ हैं।**



### 6 अप्रैल को है स्थापना दिवस

वहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग भी आयोजित किए जा रहे है। पार्टी का स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को शानदार ढंग से आयोजित करें। भारतीय जनता पार्टी की सरकार कार्यकर्ताओं के दम और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से लगातार बना रही है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता जनार्दन के आशीर्वाद के कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। बैठक को संबोधित करते हुए आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि 6 अप्रैल पार्टी का स्थापना दिवस है।

### भव्यता से करें कार्यक्रम

इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित हो रहे हैं। सभी कार्यक्रम प्रभावी और ऐतिहासिक हो, इसके लिए हम सभी को पूर्ण मनोयोग से जुटना चाहिए। प्रशिक्षण की महत्ता को समझाते हुए श्री पंडाग्रे ने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता जनता के बीच पार्टी की रीति नीति पूरी जवाबदारी के साथ रखता है।

प्रशिक्षण के दौरान हमारी पार्टी के संघर्ष और सफर को हमने समझा अब प्रदेश और जिला संगठन के निर्देशो पर प्रत्येक बूथ पर 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस का कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित करना है।

### मंडल स्तर पर हो चुका प्रशिक्षण

बैठक को संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने बताया कि जिले में अब तक मंडल स्तर पर संपन्न हुए प्रशिक्षण वर्ग से अच्छे कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। प्रशिक्षित कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को समझता है। हम राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करते है। चरैवेती चरैवेती के मूलमंत्र को जपते हुए आज हम विश्व के सबसे बडे राजनीतिक दल के सदस्य होने के गौरव को भी महसूस कर सकते है जिन मंडलो में प्रशिक्षण वर्ग होने है। उसकी पूरी तैयारी और स्थान के साथ साथ डिजिटल पंजीयन की भी पुख्ता तैयारी हमारे प्रशिक्षण वर्गो की सफलता है। बैठक को संबोधित करते हुए 6 अप्रैल स्थापना दिवस अभियान के जिला संयोजक कृष्णा गायकी ने कहा कि स्थापना दिवस 6 अप्रैल के तारीख में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

### यह दिए दिशा निर्देश

इसमें साज सज्जा, ध्वजारोहण, स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का सम्मान, बस्ती संपर्क, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा, सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन सहित अन्य प्रकार के अलग-अलग दिनों मे अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक का संचालन अभियान के सह संयोजक देवी सिंह ठाकुर ने किया एवं अंत में आभार सह संयोजक जगदीश पंवार ने व्यक्त किया। बैठक में जिला महामंत्री डा.महेन्द्र सिंह चौहान, जिला सह संयोजक वर्षा गढेकर मंचासीन रहे। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष गण विशेष रूप से मौजूद रहे।

# सोनाघाटी मंदिर में आज जलेंगे घी के 501 दीप

**▪ श्रद्धालु करेंगे दीप प्रज्ज्वलन, दीपों से जगमगाएगा परिसर**




**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।** हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर आज 1 अप्रैल को शहर के सोनाघाटी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में 501 घी के दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम रात्रि 8 बजे आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी।

### श्रद्धालुओं स्वयं करेंगे प्रज्जवलित

आयोजन से जुड़े पुरुषोत्तम गंगावानी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को अपने पितरों के निमित्त दीप प्रज्वलित करने का अवसर दिया जा रहा है। इसके लिए इच्छुक श्रद्धालुओं को स्वयं सोनाघाटी हनुमान मंदिर पहुंचकर दीप जलाना होगा। 101 दीप स्वर्गीय उदयराम अग्रवाल की स्मृति में प्रज्वलित करेंगे। धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ होने वाला यह आयोजन मंदिर परिसर को दीपों की रोशनी से आलोकित करेगा और भक्तों के लिए विशेष आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करेगा।

### विश्व शांति के लिए होगी प्रार्थना

विश्व में बढ़ते तनाव और अस्थिरता के माहौल के बीच विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना भी की जाएगी। स्वर्गीय दर्शनलाल गंगवानी के पुत्र पुरुषोत्तम (टिम्मू) गंगावानी भगवान हनुमान के समक्ष 51 दीप प्रज्ज्वलित कर अर्जी लगाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में शांति, सौहार्द्र और आपसी प्रेम का संदेश देने के उद्देश्य से यह प्रार्थना की जा रही है। धार्मिक आस्था के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार और समस्त मानवता के कल्याण की कामना के साथ यह विशेष आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए श्रद्धालु मोबाइल नंबर 9826311697 पर संपर्क कर सकते हैं।

# 5 कुंडीय महायज्ञ 3 अप्रैल से



**मुलताई(राष्ट्रीय जनादेश)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री परिवार के सहयोग से पारेगांव रोड स्थित गायत्री नगर में 3 अप्रैल से 7 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के लिए भूमि पूजन विधिवत सम्पन्न किया गया।

### यज्ञशाला का शुरू हुआ निर्माण

महावीर जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित इस भूमि पूजन कार्यक्रम में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं महिला मंडल की उपस्थिति में वैदिक रीति से पूजन किया गया। पूजन कार्य पंडित योगेश साहू द्वारा संपन्न कराया गया। भूमि पूजन के बाद यज्ञशाला निर्माण एवं यज्ञ कुंडों के निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई है।

### निकाली जाएगी कलश यात्रा

कार्यक्रम में सम्पत राव धोटे, नारायण देशमुख, यादोराव निंबालकर, सुरेश माकोड़े, रामकिशोर शिवहरे, मीरा अजमेरे सहित अनेक बहनों की सहभागिता रही। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल को दोपहर 3 बजे यज्ञ स्थल से एक विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा बैतूल रोड से होते हुए मां ताप्ती की परिक्रमा कर फव्वारा चौक, बस स्टैंड मार्ग से होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचेगी। गायत्री परिवार ने मुलताई एवं प्रभात पट्टन क्षेत्र के सभी शक्तिपीठों, प्रज्ञा पीठों, नवचेतना केंद्रों, महिला मंडलों एवं युवा मंडलों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# मां अनुसया की मुलताई पहुंची चरण पादुका

**▪ पहली बार भक्तों ने लिया दर्शन लाभ**



*मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। महाराष्ट्र के पारडसिंगा काटोल स्थित सती अनुसया माता मंदिर से माँ अनुसया की पवित्र चरण पादुका पहली बार मुलताई पहुंची। नेहरू वार्ड स्थित अनुसया माता मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अनुसया सेवा संगठन के अध्यक्ष कृष्णा साहू ने बताया कि चरण पादुका के मुलताई आगमन पर भक्तों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर के पुजारी मुन्नालाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष पारडसिंगा से माँ अनुसया के चरण पादुका एक माह के लिए दर्शन हेतु विभिन्न जिलों एवं राज्यों में भ्रमण करते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष पहली बार मुलताई में चरण पादुका का आगमन हुआ है, जिससे क्षेत्र में विशेष उत्साह का माहौल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि यह पावन यात्रा एक माह तक जारी रहती है और 5 मई को माँ अनुसया के जन्मोत्सव के अवसर पर चरण पादुका पुनः मंदिर पहुंचते हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना कर माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा नगर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला।*

# बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन 26 अप्रैल को

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।** प्रज्ञा बौद्ध विहार जामठी में 26 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बौद्ध समाज के युवा और वरिष्ठजन तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन में विवाह योग्य युवक-युवतियों के पंजीयन के लिए देशभर से उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है। आयोजन समिति के अनुसार मुंबई, नागपुर, चेन्नई, कोलकाता, राजकोट, अहमदाबाद, पंजाब और हरियाणा सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से परिजन अपने बच्चों का पंजीयन करा रहे हैं। बढ़ती मांग को देखते हुए पंजीयन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है, ताकि अधिक से अधिक परिवार इस सम्मेलन में शामिल हो सकें। सम्मेलन के संचालन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। इसमें रामदास पाटिल को अध्यक्ष, योगेश दवंडे को सचिव, गीता नागले को सहसचिव और नरेश भूमरकर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व प्राध्यापक डॉ. सुखदेव डोंगरे तथा भागरती डोंगरे ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों का पंजीयन कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ती है, परिवारों का समय और धन दोनों बचते हैं तथा सामाजिक स्तर पर परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलती है।

# गौवंश सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**▪ पुलिस देख बाइक छोड़कर भाग रहे थे आरोपी**

*मुलताई(राष्ट्रीय जनादेश)। पुलिस ने गौवंश तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 गौवंश बैल एवं एक मोटरसाइकिल जप्त की है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 मार्च की रात्रि लगभग 12 बजे फरियादी धर्मेंद्र नरवरे ने सूचना दी कि परसठानी से मुलताई की ओर आते समय महिला वाड़ी के पास मुख्य मार्ग पर चार व्यक्ति 4 बैलों को रस्सियों से बांधकर भूखे-प्यासे हालत में मारते-पीटते हुए मालेगांव की ओर ले जा रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने गौवंश को कत्लखाने ले जाने की बात स्वीकार की। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दो आरोपी मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए। जबकि दो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने छन्नू पिता गोंडू पवार 50 वर्ष, निवासी परसठानी एवं इनोत पिता रमेश धोटे 32 वर्ष, निवासी मालेगांव को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास गौवंश पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 गौवंश एवं एक मोटरसाइकिल जप्त की है। आरोपियों के खिलाफ गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम की के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है, जबकि फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।*

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 5 मई को

**» सिर्फ 200 जोड़ों के ही स्वीकार किए जाएंगे आवेदन**

**मुलताई(राष्ट्रीय जनादेश)।** जनपद पंचायत मुलताई द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं मुख्यमंत्री निकाह योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। कार्यालय जनपद पंचायत मुलताई, जिला बैतूल द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि मई 2026 में सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह आयोजन 05 मई 2026 को जनपद पंचायत मुलताई, नगर पालिका परिषद मुलताई एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के सहयोग से आयोजित होगा। इसके लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जनपद पंचायत द्वारा बताया गया है कि आवेदन की अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर स्वीकार किए जाएंगे तथा निर्धारित संख्या लगभग 200 तक ही आवेदन लिए जाएंगे।

# पंचायतों और धार्मिक स्थलों पर लगाए शिविर का लिया लाभ

**▪ आयुष विभाग ने बताए योग और आयुष पद्धतियों के फायदे**




*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा 75 दिवसीय काउंटडाउन अभियान के अंतर्गत जिले की पंचायतों एवं धार्मिक स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया। इस अभियान के नोडल अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र सिंह शाक्य तथा सहायक नोडल अधिकारी डॉक्टर मुस्कान भावसार के मार्गदर्शन में आयुष विभाग की समस्त संस्थाओं द्वारा लोगों को योग एवं आयुष पद्धतियों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।*

### स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं

*शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और योगाभ्यास के साथ आयुष पद्धतियों के लाभों की जानकारी प्राप्त की। आयुष विभाग के सभी चिकित्सा अधिकारियों, योग प्रशिक्षकों तथा योग सहायकों ने उपस्थित लोगों को नियमित योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर ने बताया कि विभाग द्वारा चलाए गए इस अभियान में कुल 1246 लाभार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि अगला 50 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन शिविर 24 अप्रैल को जिले की समस्त आयुष संस्थाओं द्वारा आयोजित किया जाएगा। विभाग ने नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।*

# जैन समाज ने मनाया महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

**▪ कीर्ति स्तंभ से निकली शोभायात्रा, लगाया रक्तदान शिविर**

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव बैतूल में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह महोत्सव श्वेताम्बर जैन समाज और दिगम्बर जैन समाज कोठी बाजार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।**

### निकाली गई शोभायात्रा

प्रातः 8.30 बजे कीर्ति स्तंभ, नेहरू पार्क पर जैन समाज के पंचरंगी ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण वयोवृद्ध श्रावक धनराज पगारिया, अरुण गोठी, निलय डागा और जयंतीलाल गोठी द्वारा किया गया। इसके बाद कीर्ति स्तंभ से भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में श्रावक वर्ग सफेद वेशभूषा तथा श्राविकाएं केसरिया परिधान में शामिल हुई। रथ में भगवान महावीर का



तैल चित्र विराजमान था और बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा के दौरान रास्ते भर श्रावक-



श्राविकाएं और बच्चे भगवान महावीर के भजन गाते और जयघोष करते हुए चल रहे थे। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत और अभिवादन किया। इस दौरान युवा, वृद्ध, महिलाएं और बालिकाएं नृत्य और भक्ति में भावविभोर नजर आए। शोभायात्रा बस स्टैंड, लल्ली चौक और गांधी चौक होते हुए स्थानक भवन पहुंची।

### 43 यूनिट हुआ रक्तदान

महोत्सव के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें महावीर छाजेड़, हर्षित गोठी, प्रतीक मरोठी, प्रणय मरोठी, अरुण गोठी, डॉ. नितिन देशमुख, हितेंद्र मेहता, अंजली मेहता, यश गोठी, अमित बोथरा, तन्मय तातेड, श्वेता जैन, विनय तातेड, राजेश कारे, दिपेश मेहता, श्रेयांश गोठी, रौनक गोठी, सुधीश तातेड, मंजू गोठी, अभिनव तातेड, विनय सुराना, डॉ. अभिषेक गोठी और शेखर मोटवानी सहित अन्य सदस्यों ने रक्तदान किया।

### जैन कार्निवाल का हुआ आयोजन

जैन समाज के प्रवक्ता सतीश पारख ने बताया कि इससे एक दिन पूर्व जैन दादाबाड़ी में जैन कार्निवाल का आयोजन किया गया, जिसमें खाने और खेलने के स्टॉल लगाए गए थे। कार्निवाल में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। महावीर जयंती के कार्यक्रम में धनराज पगारिया, इंदरकरण मरोठी, नवीन भाई मेहता, राजेश मेहता, निलय डागा, अनिल गोठी, अरुण गोठी, शांतिलाल तातेड, राजकुमार बोथरा, नवीन तातेड, जयंतीलाल गोठी, ऊषभ गोठी, विनय सुराना,, अभिनव तातेड, मुकेश गोठी, रजनीश बोथरा, दिलीप पगारिया और हेमंत पगारिया सहित जैन समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर बेची जा रही सामग्री

- एसडीओपी कार्यालय के सामने होने के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही
- दुकानों पर लगने वाली लोगों की भीड़ से हो सकती है गंभीर दुर्घटनाएं





**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर के मुख्य मार्ग पर एसडीओपी कार्यालय के सामने धीरे धीरे अतिक्रमण ने पैर पसारना प्रारंभ कर दिया है। पहले जहां मार्ग के किनारे वाहनों का अतिक्रमण था वहीं अब बड़ी बड़ी दुकानें लग रही है जहां ग्राहकों की भीड़ होने से कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीओपी कार्यालय से मंगलवार बाजार तक मुख्य मार्ग के किनारे बाहर से फर्नीचर सहित अन्य सामग्री की दुकानें आकर लग रही है। व्यापारी मुख्य मार्ग से सटकर ही सामान बेच रहे हैं तथा सामान खरीदने वालों की भीड़ लग रही है।**

### गुजरते रहते हैं भारी वाहन

मुख्य मार्ग पर यात्री बसों सहित भारी वाहनों की आवाजाही लगी रहती है ऐसी स्थिति में मार्ग पर भीड़ होने से किसी गंभीर घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। पूर्व में उक्त मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी है इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेना चर्चा का विषय है। आसपास के रहवासियों ने बताया कि सुबह से ही प्लास्टिक के टेबल कुर्सी सहित लकड़ी एवं प्लायवूड के फर्नीचर वाले सड़क से सटकर ही फर्नीचर जमाना प्रारंभ कर देते हैं। ऐसे में ग्राहकों को सामान खरीदने के लिए सड़क पर ही खड़ा रहना पड़ता है जिससे वे वाहनों की चपेट में आ सकते हैं।

### लंबे समय से काबज है अस्थाई अतिक्रमण

पूर्व में नगर पालिका द्वारा मुख्य मार्ग का लंबे समय से जमा अतिक्रमण हटाया गया था लेकिन वर्तमान में अस्थाई अतिक्रमण अब धीरे धीरे स्थाई होता जा रहा है। नागरिकों ने बताया कि पहले कभी कभी फर्नीचर बेचने वाले आते थे लेकिन अब वे स्थाई रूप से सामान रखकर बिक्री कर रहे हैं जिससे आवागमन में भी परेशानी हो रही है। उक्त मार्ग से एसडीओपी सहित राजस्व के भी अधिकारियों के वाहन गुजरते हैं लेकिन किसी भी अधिकारी द्वारा अतिक्रमण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### खड़े रहते हैं ट्रक कंटेनर सहित भारी वाहन

एसडीओपी कार्यालय के पास जहां एक ओर बड़ी संख्या में दुकानें लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है वहीं मार्ग के किनारे बड़े ट्रक, कंटेनर सहित अन्य चार पहिया वाहन चौविसों घंटे खड़े नजर आते हैं। उक्त स्थल पर वाहनों की रिपेयरिंग का भी कार्य किया जाता है जिससे कभी भी वाहन कम नहीं होते। ऐसी स्थिति में प्रशासन द्वारा मार्ग के किनारे खड़ वाहनों को तत्काल हटाया जाना आवश्यक है अन्यथा किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उक्त मार्ग पर समीप ही शासकीस सामुदायिक केन्द्र होने से एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों की भी आवाजाही लगी रहती है जो आपतकालीन स्थिति के कारण तेज रफ्तार में होते हैं ऐसी स्थिति में कभी भी खड़े वाहनों से दुर्घटना हो सकती है।

# नगर पालिका ने गठित किया अतिक्रमण दस्ता

- चौक-चौराहों से सख्त से हटाया जाएगा अतिक्रमण

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। शहर में बेतरतीब तरीके से बढ़ते अवैध अतिक्रमण और बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर नगर पालिका प्रशासन (सीएमओ) ने अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए विशेष अतिक्रमण दस्ता गठित किया है जो कि तत्काल प्रभाव से काम शुरू करेगा। नगर पालिका के अनुसार शहर के सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों और शासकीय भूमियों पर लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था बेहद खराब हो चुकी है। कई प्रमुख मार्गों पर स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है और दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने तय किया है कि अब सीधे जब्ती और अर्थदंड की कार्रवाई की जाएगी।**

### राजस्व निरीक्षक को बनाया नोडल

अतिक्रमण हटाने की पूरी कार्रवाई को प्रभावी बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा राजस्व निरीक्षक बजगोपाल परते को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके निर्देशन में एक विशेष अतिक्रमण दस्ता गठित किया गया है, जो प्रतिदिन शहर के प्रमुख स्थानों का निरीक्षण करेगा और जहां भी अतिक्रमण मिलेगा वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी। नोडल अधिकारी को यह जिम्मेदारी भी दी गई है कि वे हर सप्ताह की कार्रवाई की रिपोर्ट मुख्य नगर पालिका अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। गठित अतिक्रमण दस्ते में सहायक राजस्व निरीक्षक मदन लाल विन्नोदकर को दल प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ कंपाउंडर नीलेश आर्य को सहयोगी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा दस्ते में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी जीतू दाबड़े, ओमप्रकाश अमझरे, मुकेश नानकर और सुदामा नानकर को भी शामिल किया गया है कार्रवाई में सहयोग करेंगे। यह पूरा दल अब शहर में नियमित रूप से भ्रमण करेगा और जहां भी अतिक्रमण मिलेगा वहां मौके पर ही सामग्री जब्त करने और अर्थदंड लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका द्वारा जारी आदेश में साफ कहा गया है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यकता पड़ने पर नोडल अधिकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन से भी समन्वय कर सकेंगे और बल की मांग भी कर सकते हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह दस्ता नए अतिक्रमण को रोकने के लिए भी जिम्मेदार रहेगा ताकि शहर में दोबारा अव्यवस्था की स्थिति पैदा न हो।

# अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 10 तक

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।** भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर पदों पर चयन के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन कर सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से शुरू है, जो 10 अप्रैल 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण करना होगा। तिथियों में किसी भी प्रकार का बदलाव वेबसाइट के माध्यम से ही सूचित किया जाएगा।

भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 1 जून से 15 जून 2026 के बीच संभावित रूप से किया जाएगा। हालांकि परीक्षा की अंतिम तिथियों की आधिकारिक घोषणा बाद में की जाएगी। इस भर्ती में मध्य प्रदेश के भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पांढुर्ना, राजगढ़, सिवनी और विदिशा सहित अन्य जिलों के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

